इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 253 राजनांदगांव, शुक्रवार 31 जुलाई 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# लोकसभा में वंदे मातरम बिल पास, राज्यसभा में खड़गे के मनुस्मृति वाले बयान पर बवाल; नड्डा ने मांगा सबूत

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हो गई, जबकि राज्यसभा में एंटी-पेपर लीक संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में 1.25 लाख से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की और कहा कि नए कानून में आंकड़ों के अलावा कुछ नया नहीं है, जिससे पेपर लीक के मास्टरमाइंड बचते रहेंगे। वहीं, मनुस्मृति का उल्लेख करने पर सत्ता पक्ष ने विरोध जताया। जेपी नड्डा ने खड़गे के दावों को तथ्यों से परे बताते हुए उन्हें प्रमाणित करने की मांग की।



## एंटी-पेपर लीक संशोधन विधेयक राज्यसभा में पास

पेपर लीक से जुड़ा संशोधन बिल लोकसभा के बाद गुरुवार को राज्यसभा में भी पास हो गया। अब ये बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। उनकी सहमति मिलते ही यह कानून बन जाएगा।बिल पर जब सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह जवाब देने के लिए खड़े हुए, तब विपक्ष वॉकआउट कर गया था। इससे पहले राज्यसभा में चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। RJD सांसद मनोज झा ने NTA को खत्म करने की मांग करते हुए कहा कि इसे बंगाल की खाड़ी में फेंक दिया जाए। इधर, बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस सौंपा है।

## लोकसभा हो गया विधेयक पास

बुधवार को लोकसभा ने पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार अनुभवों से सीखते हुए परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जंतर मंतर पुलिसिया दमन पर जवाब नहीं दे सकते तो अमित शाह इस्तीफ़ा दें: मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली। जंतर मंतर प्रोटेस्ट के दौरान पुलिसिया दमन पर अब राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश के गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगा है। खड़गे ने शाह से पुलिसिया दमन पर चार बड़े सवाल पूछे हैं और कहा कि यदि वह इन सवालों के जवाब नहीं दे सकते हैं तो उन्हें इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यदि वह इस्तीफ़ा नहीं देते हैं तो पीएम मोदी को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने भी छात्रों के दमन को लेकर अमित शाह का इस्तीफ़ा मांगा है और कहा है कि उन्हें इस्तीफ़ा देना पड़ेगा। कॉकरोच जनता पार्टी ने भी अब शाह के इस्तीफ़े की मांग कर दी है।

संसद के मानसून सत्र में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा। खड़गे ने आरोप लगाया कि छात्रों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और कथित पैलेट गन के इस्तेमाल जैसे गंभीर सवालों का जवाब सरकार नहीं दे रही है।

खड़गे ने कहा कि देश इन सवालों के जवाब चाहता है। उन्होंने आगे कहा, अगर गृह मंत्री इन सवालों के जवाब नहीं दे सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर वह इस्तीफा नहीं देते तो प्रधानमंत्री को उन्हें पद से हटा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा, इसके लिए जिम्मेदार गृह मंत्री अमित शाह हैं। वे बंद कमरे में बैठकर सब सुन रहे होंगे, लेकिन ज्यादा दिन तक छिप नहीं सकते। जनता उनसे जवाब मांगेगी। खड़गे की इस टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने कड़ा विरोध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस सरकारों में कई बार पेपर लीक हुए, बिल छात्रों का भविष्य तय करेगा - जितेन्द्र सिंह

नई दिल्ली। राज्यसभा में गुरुवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण संशोधन) बिल पर चर्चा होनी है, जिस पर चर्चा के लिए 7 घंटे का वक्त तय किया गया है. इसे लेकर सदन में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पेपर लीक के पुराने मामलों का जिक्र किया. इस दौरान विपक्ष की ओर से हंगामा होने लगा.



सदन में विपक्ष के हंगामे पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि सही जगह पर तीर लग रहा है. साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष के अच्छे सुझावों का स्वागत है. वरिष्ठ नेताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि उच्च सदन के सदस्य चर्चा में हिस्सा लें. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकारों में कई बार पेपर लीक हुए. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें इस बिल पर अच्छी चर्चा होने की उम्मीद है. नीट पेपर लीक को लेकर उन्होंने कहा कि पेपर लीक पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. विपक्ष के हंगामे के बीच उन्होंने JPSC लीक के मामले का भी जिक्र किया.

### नीट पेपर लीक में चार्जशीट फाइल- जितेंद्र सिंह

संसद में बोलते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि नीट पेपर लीक में चार्जशीट फाइल हो चुकी है. हमने तुरंत कार्रवाई की है और सीबीआई को मामला सौंपा गया है. उन्होंने बताया कि 2 दिन पहले चार्जशीट फाइल की गई है और कल से कोर्ट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान: नीट प्रदर्शन से जुड़े प्रदर्शनकारियों पर एक्शन नहीं, क्रिमिनल रिकॉर्ड वालों को राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में शामिल लोगों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की प्रतिकूल कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस मामले को समाप्त माना जाएगा और भविष्य में इस आधार पर कोई नई कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी।




सरकार के अनुसार, यह फैसला उन प्रदर्शनकारियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है, जिनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मामले दर्ज किए गए थे।

हालांकि, जिन मामलों में गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड या अन्य आपराधिक आरोप शामिल हैं, उन पर यह राहत लागू नहीं होगी। ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और लागू कानूनों के अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी। दिल्ली सरकार ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया था, तो उसके मामले की अलग से समीक्षा की जाएगी। पात्र पाए जाने पर उनकी रिहाई या संबंधित कानूनी प्रक्रिया में जल्द राहत देने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सरकार का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाईन परियोजना को मंजूरी, राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र को मिलेगा सीधा लाभ

**राजनांदगांव (दावा)।** वर्षों पुरानी मांग डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना को आखिरकार बड़ी प्रशासनिक गति मिल गई है। गुरुवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की संयुक्त बैठक में परियोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद रेल लाइन निर्माण को स्वीकृति मिलने की जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही वर्ष 2018 से लंबित यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब कागजों से निकलकर धरातल पर उतरने की दिशा में बढ़ गई है।

सांसद संतोष पांडे ने बताया कि डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को वर्ष 2018 में मंजूरी मिली थी, लेकिन विभिन्न प्रशासनिक कारणों और प्रदेश



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न*

में राजनीतिक बदलाव के चलते निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को लेकर लगातार लोकसभा में उठाया गया और रेल मंत्रालय के समक्ष इसकी आवश्यकता बताई जाती रही। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद परियोजना की पुनरीक्षित लागत 6947 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बिलासपुर रेल जोन के माध्यम से रेलवे बोर्ड को भेजा गया था, जिस पर अब स्वीकृति मिल गई है। सांसद के अनुसार नई रेल लाइन बनने से राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़, छुईखदान, कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेनों का दबाव कम करने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 2018 में मिली थी मंजूरी, लागत बढ़कर पहुंची 6947 करोड़

डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना को वर्ष 2018 में लगभग 4821 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ स्वीकृति मिली थी। लंबे समय तक काम शुरू नहीं होने के कारण परियोजना की लागत बढ़कर 6947 करोड़ रुपये हो गई। पुनरीक्षित लागत का प्रस्ताव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 215 कुलपतियों-शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखी: कहा- मतभेद भले हों, लेकिन मजाक न उड़ाएं

नई दिल्ली। आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर प्रो. वी कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहने के विरोध में देशभर के 215 मौजूदा और पूर्व कुलपतियों, शिक्षाविदों ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखी है। किसी शिक्षाविद् पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करते वक्त तथ्य और उस व्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखा जाना चाहिए। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी का मजाक उड़ाना सही नहीं।



*मद्रास आईआईटी डायरेक्टर को गोमूत्र विशेषज्ञ कहा था*

पूरा विवाद एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रियंका के बयान पर हुआ। उन्होंने कहा था- सरकार की बनाई नई कमेटी में एक्स- आईबी चीफ, आईटी कंपनी के मालिक और गोमूत्र के विशेषज्ञ हैं। गोमूत्र विशेषज्ञ को शिक्षा के बारे में क्या पता होगा।

### चिट्ठी में और क्या लिखा

'भारत की संसद में विचारों पर बहस होती है। असहमतियां गरिमा के साथ रखी जाती हैं। किसी व्यक्ति की पहचान उसके तर्कों की मजबूती के आधार पर की जाती है, न कि उसका मजाक उड़ाकर।'

'हमें उस बयान पर निराशा है, जिसमें आपने आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहा। यह टिप्पणी चाहे व्यंग्य के रूप में की हो, राजनीतिक बयानबाजी के तहत। इसका असर बहुत ज्यादा होता है।' 2025 में प्रो. कामकोटि का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वे दावा करते नजर आ रहे थे कि गाय की यूरिन यानी गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होता है। ये कई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में 29 जुलाई को राहुल गांधी की स्टूडेंट्स, इडियट्स, अंधभक्त वाली टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सांसद अनुराग ठाकुर ने इसे संसदीय मर्यादा के खिलाफ अपमानजनक और मानहानि करने वाली भाषा और साथ ही नियमों 352(ii), (iii) और (vii) का उल्लंघन बताया है।



लोकसभा में 29 जुलाई को लोक परीक्षा संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने भाषण में स्टूडेंट्स, इडियट्स, अंधभक्त वाली टिप्पणी की थी। जिस पर सांसद अनुराग ठाकुर ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है।

### सांसद अनुराग ठाकुर ये बोले

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी को गृह मंत्री और देश की जनता दोनों से माफी मांगनी चाहिए और गलत सूचना फैलाना बंद करना चाहिए। कोई गोली नहीं चलाई गई। सच्चाई यह है कि देश के युवाओं ने कांग्रेस पार्टी को अपने आंदोलन में शामिल नहीं होने दिया। संसद में अपने भाषण के दौरान उन्होंने असंसदीय शब्द मूर्ख का इस्तेमाल किया और अध्यक्ष की बार-बार आपत्ति के बावजूद इसका प्रयोग जारी रखा।

### पेपर लीक माफिया होंगे खत्म

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि,मैं देश के युवाओं और छात्रों को बधाई देता हूं। लोकसभा में एक विधेयक पारित हुआ है जो अधिकतम संभव सजा का प्रावधान करता है। पेपर लीक में शामिल सबसे बड़े अपराधियों को भी कारावास का सामना करना पड़ेगा; जुर्माने में 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक की कैद शामिल है, और इस तरह के माफिया शैली के ऑपरेशन पूरी तरह से समाप्त कर दिए जाएंगे। मोदी सरकार द्वारा देश के युवाओं के लिए लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। लोकसभा अध्यक्ष के पास नोटिस पहुंचने के बाद अब आगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेपाल में भड़की सांप्रदायिक हिंसा: हिंसक झड़प के बाद कई जिलों में लगा कर्फ्यू

काठमांडू। भारत की सीमा से लगे पड़ोसी कोशी प्रांत के सुनसरी जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में सांप्रदायिक हिंसा हुई। इसके बाद बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर नेपाली अधिकारियों ने गुरुवार को मधेस प्रांत के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया। बता दें कि इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, कई अन्य घायल हो गए।



मधेश प्रांत के धनुसा और सिराहा जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है। धनुषा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी भूदेव झा ने कहा कि लक्ष्मीनिया हाटबाजार, बेलौनी रोड, नागराईन नगर पालिका, दूधमती ब्रिज और जनकपुर सहित धनुषा के विभिन्न हिस्सों में तनाव के कारण एहतियात के तौर पर दोपहर 3.30 बजे से अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसी प्रकार, सिराहा जिले के जिला प्रशासनिक कार्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार, सिराहा जिले में पूर्व-पश्चिम राजमार्ग के गोलबाजार क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से कर्फ्यू लगा दिया गया है। सुनसरी जिले में सोमवार को पहली बार लागू किया गया। इसके बाद कर्फ्यू बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। रविवार को कपतांगंज क्षेत्र में दो धार्मिक समुदायों की ओर से मनाए जा रहे समारोहों के दौरान विवाद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आपस में भिड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## होर्मुज संकट पर एक्शन मोड में सरकार! पीएम मोदी ने मंत्रियों संग की बड़ी बैठक, पेट्रोलियम और खाद को लेकर दिए अहम निर्देश

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े हालात को देखते हुए केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाद की उपलब्धता, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और निर्यात पर पड़ने वाले असर जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में आम लोगों और किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारतीय जहाज पर तैनात हैं या किसी विदेशी जहाज पर। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। होर्मुज संकट का सबसे ज्यादा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री ने पेट्रोलियम मंत्रालय की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने देश में पीएनजी के इस्तेमाल को और तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि ऊर्जा आपूर्ति मजबूत बनी रहे और किसी भी संभावित संकट का असर कम किया जा सके।

### किसानों के लिए खाद की व्यवस्था पर जोर

बैठक में कृषि क्षेत्र की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने बताया कि अगली रबी फसल के लिए पर्याप्त खाद का भंडार उपलब्ध है। साथ ही 2027 की खरीफ फसल के लिए भी खाद का रिजर्व तैयार करने का काम जारी है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को किसी भी तरह की खाद की कमी का सामना न करना पड़े। होर्मुज संकट का असर भारत के निर्यात कारोबार पर भी पड़ सकता है। इसी को देखते हुए बैठक में निर्यातकों को राहत देने के संभावित उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर इस संकट के प्रभाव का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राष्ट्रपति भवन के विशेष अतिथि बने बस्तर के मांझी-चालकी : बस्तर पंडुम-2026 के विजेताओं और जनजातीय प्रतिनिधियों का हुआ विशेष सम्मान

रायपुर/नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च संवैधानिक भवन राष्ट्रपति भवन में आज एक नया इतिहास रचा गया। पहली बार बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक-परंपराओं और वेशभूषा का अप्रतिम वैभव नजर आया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पहुँचे बस्तर के 209 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न केवल आत्मीयता से सभी को खुद भोजन परोसा, बल्कि बस्तर दशहरा और बस्तर पंडुम में शामिल होने की उत्कट इच्छा भी जताई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस्तर की 300 साल पुरानी झिटकू-मिटकी कलाकृति भेंट की, जिसे



देखकर राष्ट्रपति अभिभूत नजर आईं। प्रतिनिधिमंडल में गृहमंत्री विजय शर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सहित बस्तर पंडुम-2026 के विजेता प्रतिभागी, परंपरागत जनजातीय नेतृत्व व्यवस्था के प्रतिनिधि, पद्म सम्मानित विभूतियाँ, जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर पंडुम-2026 के विजेता प्रतिभागियों, परगना मांझी, मांझी, चालकी तथा पद्म सम्मानित विभूतियों के सम्मान में विशेष भोज का आयोजन किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने स्वयं सभी अतिथियों को भोजन परोसकर आत्मीयता का परिचय दिया। राष्ट्रपति ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से आत्मीय एवं अनौपचारिक चर्चा करते हुए बस्तर की जनजातीय संस्कृति, लोककलाओं, परंपरागत सामाजिक व्यवस्था तथा बस्तर पंडुम के आयोजन से जुड़े अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने कलाकारों और पारंपरिक जनजातीय प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आग्रह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर दशहरा और बस्तर पंडुम में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में इन आयोजनों में अवश्य आएंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि बस्तर दशहरा उनके हृदय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सेक्स सीडी कांड में भूपेश बघेल को हाईकोर्ट से राहत: मूणत का कथित अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप, ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक

रायपुर/बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के चर्चित सेक्स सीडी कांड में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हाईकोर्ट से राहत मिली है। बघेल पर आरोप था कि साल 2017 में तत्कालीन मंत्री रहे राजेश मूणत की छवि खराब करने के लिए उनका एक अश्लील मॉर्फ्ड वीडियो बनाकर फैलाया गया था। ये मामला कोर्ट में चल रहा था।

हाईकोर्ट ने भूपेश बघेल को राहत देते हुए राजेश मूणत के कथित मॉर्फ्ड सीडी मामले में CBI की विशेष अदालत की आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल की एकलपीठ ने बघेल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश दिया। भूपेश बघेल ने 24 जनवरी 2026 को CBI की स्पेशल कोर्ट के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें मार्च 2025 में मिली डिस्चार्ज (आरोपमुक्त) राहत को रद्द करते हुए उनके खिलाफ आरोप



तय करने का निर्देश दिया गया था।

### वकील बोले- ट्रायल चलता रहा तो याचिका का कोई मतलब नहीं

भूपेश बघेल के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने हाईकोर्ट में कहा कि स्पेशल कोर्ट के आदेश के बाद ट्रायल कोर्ट आरोप तय करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा चुका है। अगर ट्रायल जारी रहा तो हाईकोर्ट में दायर याचिका का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। इसलिए अंतिम फैसला आने तक ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। यह मामला साल 2017 का है। आरोप है कि तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत की छवि खराब करने के लिए उनका एक अश्लील मॉर्फ्ड वीडियो बनाकर फैलाया गया था। बाद में मामले की जांच CBI को सौंपी गई। CBI ने अपनी चार्जशीट में भूपेश बघेल समेत अन्य लोगों पर आपराधिक साजिश, जालसाजी, फर्जी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड का इस्तेमाल और अश्लील सामग्री प्रसारित करने के आरोप लगाए।

### पहले डिस्चार्ज हुए, फिर सीबीआई कोर्ट ने पलटा आदेश

मार्च 2025 में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा था कि भूपेश बघेल के खिलाफ ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया जा सके। इसलिए उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नवागांव वार्ड निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बाडी विकास के लिए स्थल देख वार्डवासियों से की चर्चा



**राजनांदगांव (दावा)।** वार्डो में मूलभूत सुविधा बिजली,पानी, सफाई तथा निर्माण कार्य निरीक्षण करने निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम प्रतिदिन अलग अलग वार्डो में सुबह पहुच रहे है। वार्ड निरीक्षण की कडी में उन्होने वार्ड क्रमांक 2 नवागांव का वार्ड पार्षद व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा एवं नामांकित पार्षद भीष्म देवांगन के साथ दौराकर वार्डवासियों से चर्चा किए। इस अवसर पर उन्होंने नवाचार के तहत बाडी विकास के लिए भी स्थल निरीक्षण किया।

नवागांव निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने साफ-सफाई का जायजा लेकर ग्रामीण वार्ड को देखते हुए बारिश में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किए। उन्होंने वार्ड में बाडी विकास के लिए वार्ड वासियो से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि नवाचार अंतर्गत घर के समीप रिक्त भूमि में फलदार पौधे लगाकर बाडी विकास करने की पहल की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने घर के पास की खाली भूमि में किस प्रकार बाडी विकसित करे इस संबंध में वार्डवासियों से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि मूंगा, कटहल, बेल, पपीता, नीबू एवं लाल फूल वाले गुलहड पौधे लगाकर किचन गार्डन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाडी ग्रामीण वार्ड में ही विकसित करना संभव है। क्योंकि शहर के भीतरी वार्ड में घर के पास बाडी के हिसाब से भूमि नही रहती। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण करने कार्य योजना बनाई जा रही है। जिसमें पर्यावरण शुद्धता के साथ बाडी विकास के लिए भी ग्रामीण वार्डो में वृक्षारोपण किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक बीएलसी के तहत निर्माणाधीन आवास के हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनके आवास निर्माण को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु समझाइस दी गई। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी आप मकान निर्माण पूर्ण करेंगे। उतनी जल्दी आप सर्व सुविधायुक्त स्वयं के आवास का लाभ उठाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के तहत राज्य शासन की ओर से 32850 रूपये अतिरिक्त राशि आपको प्रदान की जाएगी।

दौरे में कार्यपालन अभियंता व नोडल अधिकारी दीपक कुमार खण्डे, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, सीएलटीसी ललित मानकर व अभिनव शुक्ला सहित निगम का तकनीकि व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# पहला कॉलम...

## चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**राजनांदगांव (दावा)।** चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके पास से एक नग धारदार चाकू जप्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि 29 जुलाई की संध्या हनुमान मंदिर के पास में चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे की सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी मनोज यादव पिता स्व. रेशम यादव उम्र 27 साल निवासी चिखली रमन बाजार तालाब के नीचे को तत्काल धर दबोचा गया और उसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर पेश किया गया।

## अवैध शराब का परिवहन कर रहे आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा




**राजनांदगांव (दावा)।** बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन कर रहे शराब कोचिए को रंगे हाथों पकड़ा है और उसके के पास से 25 पौवा देशी शराब व बिक्री की रकम 300 रुपए जब्त की है। बसंतपुर थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी तरह उन्होंने बताया कि उनके थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले में शांति भंग कर हंगामा करने वाले गोपेंद्र साहू पिता कुलेश्वर साहू 28 वर्ष निवासी पारी खुर्द के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना प्रभारी देवांगन ने बताया कि घेराबंदी कर शिवा सिन्हा पिता इंदल सिन्हा उम्र 26 वर्ष निवासी अटल आवास लखोली को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 25 पौवा देशी शराब (जुमला 4.500 बल्क लीटर) कीमती 2,500 रूपए तथा बिक्री रकम रु.300 बरामद कर जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 353/2026 धारा 34 (ए) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

## अवैध शराब बिक्री के लिए परिवहन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के लिए परिवहन कर रहे दो आरोपियों को धर दबोचा है और उनके पास से पुलिस ने 16.200 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त की है। क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान कार्यवाही मे बीती रात्रि मे सूचना प्राप्त हुआ कि दो लड़के पारीकला से भेड़िकला की ओर मात्रा से अधिक अवैध शराब बिक्री के लिए मो.सा. क्रमांक सीजी -08 जेडई 7270 में ले जा रहे हैं। उक्त सूचना पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस टीम तैयार कर ग्राम भेड़िकला से पारीकला जाने वाले मार्ग के पास नाकाबंदी कर वाहनों को चेक किया जा रहा था कि मुखबीर के बताये अनुसार मोटर सायकल क्रमांक को रोककर तलाशी लेने पर आरोपी परमेश्वर उर्फ गोलू साहू पिता होमदास उम्र 25 साल, कमल कुमार उर्फ पप्पू साहू पिता निहाली साहू उम्र 30 साल दोनों निवासी भाठागांव के कब्जे से 90 पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन कीमती 7200 रूपये मो.सा. क्र. सीजी-08 जेड ई 7270 कीमती 15000 जुमला कीमती 22200 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपियो के खिलाफ धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया।

## अलखराम साहू का निधन



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर के वरिष्ठ नागरिक अलखराम साहू का 30 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार 31 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निज निवास ग्रीन सिटी से प्रस्थान कर मुक्तिधाम लखोली के लिए जाएगी। जहां उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा। उनके निधन की खबर से उनके परिचितों, स्नेहीजनों एवं स्थानीय नागरिकों में शोक की लहर व्याप्त है।

## गौशाला में नए गेट से जलभराव, पुराने दो गेट यथावत रखने की मांग : संतोष पिल्ले

**लालबाग-महेंद्रनगर क्षेत्र में बारिश का पानी घुसने का आरोप, नया गेट तत्काल बंद कर निष्पक्ष जांच की मांग**



**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के गौशाला पिंजरापोल में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के बीच नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने गौशाला परिसर में हाल ही में बनाए गए नए गेट को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाउंड्री वॉल तोड़कर बनाए गए नए गेट के कारण बारिश का पानी सीधे लालबाग-महेंद्रनगर क्षेत्र की बस्तियों में घुस रहा है। जिससे वार्ड में भारी जलभराव की स्थिति बन गई है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने मांग की है कि जीई रोड और स्टेडियम के पास स्थित दोनों पुराने गेट यथावत रखे जाएं, लेकिन हाल में निर्मित नए गेट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।

संतोष पिल्ले ने अपने बयान में कहा कि एक ओर गौसेवा और विकास के नाम पर लोकार्पण और भूमिपूजन जैसे आयोजन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हीं निर्माण कार्यों से आसपास के रहवासी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। गौशाला परिसर के पीछे की बाउंड्री वॉल तोड़कर बनाए गए नए गेट से बारिश का पानी रिहायशी इलाकों की गलियों, सड़कों और मकानों के आसपास जमा हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी लगातार जलभराव से जूझ रहे हैं और शिकायत के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रभावशाली लोगों के दबाव में आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। पिल्ले ने बताया कि गौशाला में पहले से दो गेट—एक जीई रोड की ओर और दूसरा स्टेडियम के पास मौजूद हैं, जिनसे किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन केवल दो दिनों के भीतर बाउंड्री वॉल तोड़कर बनाए गए नए गेट ने पूरे क्षेत्र का संतुलन बिगाड़ दिया है। यदि भारी बारिश होती है, तो जलभराव और भयानक रूप ले सकता है।

### निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

नेता प्रतिपक्ष ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की पारदर्शी जांच की मांग करते हुए निम्नलिखित सवाल उठाए हैं। बाउंड्री वॉल तोड़कर नया गेट किसकी अनुमति से बनाया गया? क्या निर्माण के समय जल निकासी की व्यवस्था का आकलन किया गया था? नियमों के उल्लंघन पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संतोष पिल्ले ने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित क्षेत्र में जलभराव का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया और नया गेट तत्काल बंद नहीं किया गया, तो वे प्रभावित नागरिकों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ : जिला साहू संघ ने गुरुपूर्णिमा पर किया पौधरोपण




**राजनांदगांव (दावा)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर कुटीर सुंदरा में जिला साहू संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष नोबल साहू ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए जिलेभर में इस जनअभियान को व्यापक रूप से चलाने की घोषणा की। जिला साहू संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश दिया गया। जिलाध्यक्ष नोबल साहू ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते। बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण का अनूठा संगम है। उन्होंने बताया कि जिला साहू संघ इस अभियान को जिले के प्रत्येक गांव, परिक्षेत्र और तहसील स्तर तक पहुंचाएगा। समाज के सभी पदाधिकारियों एवं युवाओं को इस अभियान से जोड़ते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया जाएगा। ताकि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उन्हें वृक्ष बनाने का जनआंदोलन बन सके।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक असंतुलन से निपटने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला साहू संघ के संरक्षक भागवत साहू, जिलाध्यक्ष नोबल साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, डॉ. महेश साहू, तहसील अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, नगर अध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, सुंदरा सरपंच हीपेंद्र साहू, टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू, भेड़िकला के पूर्व सरपंच कृष्णा साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की जानकारी जिला साहू संघ के नव नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के सचिव परदेशी राम साहू ने दी।

## आसिफ अली की पहल पर रेलवे ने हटाई नाली की दीवार, अंडरब्रिज क्षेत्र में जलनिकासी बहाल



**राजनांदगांव (दावा)।** लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज के पास जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। पानी निकासी बाधित होने से गंदा पानी आसपास के रहवासियों के घरों में घुस गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

समस्या की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता आसिफ अली ने स्टेशन प्रबंधक श्री बर्मन से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा नाली पर दीवार बना दिए जाने के कारण बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है और लोगों के घरों में भर रहा है। शिकायत मिलते ही स्टेशन प्रबंधक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रेलवे कर्मचारियों को मौके पर भेजा। कर्मचारियों ने नाली पर बनी दीवार को तोड़कर पानी निकासी की व्यवस्था बहाल कर दी। जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर हो गई। रेलवे की त्वरित कार्रवाई से स्थानीय रहवासियों को राहत मिली। लोगों ने जनहित में तत्काल कदम उठाने के लिए रेलवे प्रशासन तथा समस्या को प्रमुखता से उठाने पर कांग्रेस नेता आसिफ अली की सराहना की।

## प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने ग्राम अऊरदा सहित विभिन्न गांवों में विकास कार्यो का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**राजनांदगांव (दावा)।** स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अऊरदा में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री श्री यादव ने ग्राम अऊरदा में 5 लाख रूपए की लागत से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, 4 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड तथा 20 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इसी प्रकार ग्राम दर्रा में 2 लाख 60 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा ग्राम रीवागहन में 8 लाख रूपए की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने ग्राम सिंगपुर में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम खपरी के प्राथमिक शाला में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम दर्रा एवं ग्राम अऊरदा में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण तथा ग्राम अऊरदा में व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 15 लाख रूपए की घोषणा की।

प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं तथा सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी और गांवों के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी। प्रभारी मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ-साथ नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे प्रदेश के लगभग 22 हजार विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं तकनीक आधारित शिक्षा का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि उनमें अच्छे संस्कारों का विकास करना भी है। शिक्षा और संस्कार के समन्वय से ही भविष्य का सशक्त समाज तैयार होगा। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, सभापति श्रीमती किरण बारले, सरपंच अक्षय पटेल, उपसरपंच खेलावन यादव सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विपिन यादव ने संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए की महत्वपूर्ण नियुक्तियां



**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) यान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने जिले में कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। संगठन प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी द्वारा जारी आदेशानुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रितेश जैन को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं जिला कांग्रेस के महामंत्रियों को विभिन्न ब्लॉकों का प्रभार सौंपा गया है।

ब्लॉकों के नए प्रभारियों की सूची में राजनांदगांव ग्रामीण से महेंद्र यादव, घुमका पंकज बांधव, डोंगरगढ़ (ग्रामीण) हेमंत वैष्णव, डोंगरगढ़ (शहर) राजकुमार सिन्हा, एल.बी. नगर से रवि साहू, छुरिया राजू सिंह राजपूत, कुमरदा शिशुपाल भारती व डोंगरगांव से चुम्मन साहू आदि है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य संगठन को ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय, प्रभावी और अनुशासित बनाना है। नियुक्त ब्लॉक प्रभारी प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रमों व अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं से सतत समन्वय बनाकर बूथ, पंचायत व वार्ड स्तर पर गतिविधियों को गति देंगे।

**शुभांक**

बी. के.
1-4-0
अनुमानित
147-2 134-8
राजधानी
2-5-8
400-4 890-7

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

Email - eekhaira-phe@cg.gov.in

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर राज्य मद अंतर्गत जिला-खैरागढ छुईखदान गंडई में, नवीन खण्ड कार्यालय, उपखण्ड कार्यालय एवं जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला भवन निर्माण कार्यो हेतु निम्नलिखित आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 04/29.07.2026,196295 (तृतीय निविदा आमंत्रण) | नवीन खण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कार्य एवं आंतरिक विद्युत एसेसरीज फिटिंग कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य। | 79.49 |
| 2 | 05/29.07.2026,196296 (द्वितीय निविदा आमंत्रण) | नवीन उपखण्ड कार्यालय भवन निर्माण कार्य आंतरिक विद्युत एवं एसेसरीज फिटिंग कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य। | 38.35 |
| 3 | 06/29.07.2026,196298 (द्वितीय निविदा आमंत्रण) | नवीन जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला भवन निर्माणं कार्य आंतरिक विद्युत एवं एसेसरीज फिटिंग कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य। | 39.79 |

नोटः- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक- **31.07.2026** से देखा जा सकत है। निविदा क्र. 04/29.07.2026, 05/29.07.2026 एवं 06/29.07.2026 को दिनांक **17.08.2026** सांय 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

जी- 262702457/1

SILVER SCREEN MULTIPLEX
31st July to 06th Aug 2026



Jan Neta - 03:00 & 09:15 pm
Spider Man Brand New Day(Hindi 2D) - 09:30am 12:30, 03:30 & 09:30pm
Spider Man Brand New Day (English 2D) - 06:30 pm
The Bose Files Sach Ya Sazish - 06:00 and 09:00 pm
Jaan Lebe Ka (CG) - 12:15 and 03:15 pm
Dhamaal 4 - 12:00 & 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी धमाका
जान लेबे का
मल कुरैशी, दीक्षा जायसवाल




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# लगातार बारिश से तर-बतर हुआ शहर, खेत-खार हुआ पानी-पानी

## जगन्नाथ रथयात्रा से बना पानी बारिश का माहौल, किसानों के चेहरे में तैरी खुशी



**राजनांदगांव (दावा)।** आषाढ़ द्वितीया के दिन से लगातार हो रही रिमझिम बारिश ने जहां किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है वहीं गर्मी से जूझ आमजनों को काफी राहत प्रदान की है। पखवाड़े भर पूर्व से प्रारंभ हुए हल्की बारिश से लेकर कभी-कभार की तेज बारिश ने संस्कार धानी नगरी को तर-बतर कर दिया वहीं गांव-देहात के खेती-खार, नदी नालों को पानी-पानी कर दिया। इससे चारो ओर पानी ही पानी नजर आने लगा। भू-अभिलेख शाखा की मानें तो गत 1 जून से अब तक कुल 3096. 2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 29 से 31 जुलाई तक रुक-रुक कर तथा तेज बारिश व 1 से 4 अगस्त तक हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहने के आसार हैं।

बताते चलें कि आषाढ़ माह का अंतिम दिन ऐसा मेहरबान हुआ कि रात्रि के क़रीब 15-20 घंटे से हो रही कभी रुक-रुक कर तो कभी तेज बारिश से नदी नाले बौरा गए। खेत-खार पानी से लबालब हो उठा। जिले के छोटे-छोटे बड़े बैराज सुखने जा रहे थे। आषाढ़ मास की बारिस ने सभी जलाशयों के जल स्तर बढ़ा दिए। शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ का जल स्तर तेजी से बढ़ने लगा है।नदी में जलस्तर बढ़ जाने से फिल्टर प्लांट तक पहुंच जाने के कारण फिल्टर प्लांट का संचालन प्रभावित होने लगा है। नदी के बढ़ते जल स्तर को देखने शहर से लोगों की भीड़ लगने लगीं। इधर लगातार बारिश की बनी स्थिति से प्रशासन भी एलर्ट हुआ है और नदी-नाले व जल भराव वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इसी तरह जिले के प्रभावित क्षेत्रों में भी विशेष नजर रखी जा रही है। नगर निगम कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि निचली बस्तियों में जहां पानी का जमाव हो रहा है वहीं निकासी का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### खेतों में भरा पर्याप्त पानी, किसानों को राहत

जिले में लगातार हो रही बारिश से धान के खेतों में पानी भर गया है। बता दें कि खेतों में रोपाई का काम चल रहा है। ऐसे में खेतों में भरे पर्याप्त पानी हालांकि किसानों को राहत दे रहा है। वहीं अत्यधिक जलभराव भी परेशानी का कारण न बने इसका डर भी बना हुआ है। किसानों की नजर अब बारिश के अगले दौर पर बनी हुई है। यदि आने वाले दिनों में जमकर बारिश हुई तो फसलों के लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। इससे किसान चिंतित नजर आने लगे हैं।

### लगातार बारिश से शहर हुआ तर-बतर

आषाढ़ महिने में मानसून की सक्रियता बढ़ जाने के चलते लगातार हो रही बारिश से शहर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के नदी-नाले व छोटे जलस्त्रोतो में पानी की आवक खासा ढंग से बढ़ गई है। निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। वहीं शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निचले क्षेत्र विशेष कर बसंतपुर जिला चिकित्सालय परिसर, तहसील कार्यालय, पुराना पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बस स्टैंड परिसर, लखोली, राहुल नगर, ठाकुर दैया पारा व अन्य निचले इलाकों में पानी का जमाव हो गया है। जिससे लोगों को काफी दिक्कते उठानी पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तक जिले में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी कर दिया है। इस बीच लोगों को सावधान रहने कीअपील की गई है।

# बारिश के बीच धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**जगह-जगह गुरु वंदन और पादुका पूजन का रहा माहौल, मंदिरों व आश्रमों में गूंजे गुरु भक्ति के भजन**



**राजनांदगांव (दावा)।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर बुधवार (29 जुलाई) को संस्कारधानी राजनांदगांव सहित पूरे अंचल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही जारी हल्की बूंदाबांदी और दोपहर की तेज बारिश के बीच श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। शहर के प्रमुख मंदिरों, आश्रमों और देवालयों में सुबह से ही गुरु पादुका पूजन, आरती, वंदन तथा भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा।

बलदेव बाग स्थित भारती स्कूल परिसर में शिरडी वाले साईं बाबा का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान 'बंदऊं गुरु पद कंज...' की चौपाइयों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शक्तिपीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जहां परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की गुरु रूप में पूजा-अर्चना की गई। श्रीराम जानकी मंदिर मिथिला धाम में पूज्य संत मौनी बाबा के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।

### सुंदरा कबीर आश्रम और सर्वेश्वरी आश्रम में उमड़ा जनसैलाब

शहर से सटे ग्राम सुंदरा स्थिति कबीर आश्रम में गुरु पूजन की विशेष धूम रही। यहां महापौर, पूर्व सांसद, समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका। इसी तरह भानपुरी नदी के पास स्थित श्री सर्वेश्वरी आश्रम में अघोर पंथ के पूज्य गुरुओं का नाम स्मरण कर पाद-पूजन किया गया। कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। हमालपारा स्थित साईं मंदिर तथा तुलसीपुर के श्री साईं दरबार उपासना भवन में भगवान श्री साईं बाबा का विशेष श्रृंगार व महाअभिषेक किया गया। प्रसिद्ध हरि सत्संग भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई तथा संदल निकाला गया। स्टेशन पारा स्थित महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन में संत जगनाडे महाराज का पूजन-वंदन हुआ। वहीं भरका पारा स्थित अग्रसेन भवन में हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती का गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। पारी नाला स्थित श्री राम धाम, मिल चाल श्री राम मंदिर तथा जी.ई. रोड स्थित पाताल भैरवी मंदिर में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पाताल भैरवी मंदिर में पूज्य गुरु बर्फानी बाबा का पूजन-अर्चन हुआ और दसमहाविद्या पीठ के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

# महाकाल मंदिर सिंघोला में होगा बेलपत्र पौधों का निःशुल्क वितरण

राजनांदगांव (दावा)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाल मंदिर, सिंघोला में महाकाल भक्तों के लिए बेलपत्र के पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक आस्था का संदेश देते हुए बेलपत्र के पौधे प्रदान किए जाएंगे। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि महाकाल मंदिर समिति, सिंघोला एवं महाकाल सेना द्वारा आयोजित यह अभियान धार्मिक आस्था, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का अद्भुत संगम है। बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना जाता है। वहीं इसका पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। समिति ने सभी महाकाल भक्तों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बेलपत्र के पौधे प्राप्त करने तथा उनका रोपण एवं संरक्षण करने की अपील की है, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी जन-जन तक पहुंच सके।

# पौधारोपण और रक्तदान कर मनाया भव्य बर्थडे



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के ममता नगर स्थित आनंद विहार कालोनी के उद्यान में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकार का अनोखा संदेश देखने को मिला। छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में महापौर मधुसूदन यादव की मुख्य उपस्थिति में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महापौर ने उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के 52 पौधे लगाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन, पूर्व पार्षद मुकेश बघेल, भाजपा नेता मयूर टांक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कालोनी की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधे रोपकर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। उद्यान में पौधारोपण के पश्चात युवाओं का दल बालाजी ब्लड बैंक पहुंचा। जहां एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र युवा मंच के सदस्यों और स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की। अतिथियों ने भव्य देवांगन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं के इस सामाजिक पहल की सराहना की।

# ऑल इंडिया लिनेस क्लब ने किया गुरुओं का सम्मान, बच्चों को बांटे जूते मोजे, रैनकोट



**राजनांदगांव (दावा)।** ऑल इंडिया लिनेस क्लब राजनांदगांव की टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला केसला में गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत ही उल्लास के साथ मनाया। लिनेश क्लब की अध्यक्ष टीना खंडेलवाल, सदस्य श्रीमती लता बसोड़, नियामत हुड्डा, अभिलाषा ठाकुर, ममता अवस्थी, अंजली ओसवाल आदि ने गुरुवे नमः को चरितार्थ करते हुए संकुल प्राचार्य पद्मलोचन शर्मा, संस्था की प्रधान पाठिका स्वाति गंधर्व तथा शिक्षकों का शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर, उनका सम्मान किया। प्राथमिक शाला के सभी बच्चों को जूते मोजे, स्टेशनरी तथा बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए रैनकोट का वितरण किया। शाला में विभिन्न क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। जिसमें कक्षा 5वीं में 94 प्रतिशत प्राप्त करने वाली कु. मधु साहू के साथ ही अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ट्विंकल साह व नैतिक साहू रहे। शाला स्तरीय कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य पद्मलोचन शर्मा, अतिथियों में डॉ. क्षितिज बंसोड, ग्राम सरपंच त्रिवेणी सोनकर, उपसरपंच कल्याणी धनकर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोदावरी साहू सहित पालक तथा पंचगण उपस्थित रहे।

# गुरु-पूर्णिमा पर एनपीएस पेंड्री ने किया राष्ट्रीय कोच हीरु साहू का सम्मान




**विद्यार्थियों ने ली गुरु से प्रेरणा, तीन राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हुए शामिल**

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज पब्लिक स्कूल (एनपीएस) पेंड्री में गुरु-पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला परिवार द्वारा राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हीरु साहू का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कमलेश उभरानी एवं प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने कोच हीरु साहू को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

शाला की विशेष प्रार्थना सभा में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें 3 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हुए।

उन्होंने विद्यार्थियों के साथ खेल मैदान और जीवन के अपने अनुभव साझा किए तथा उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 24 से 26 जुलाई तक भवानीपटना (ओडिशा) में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के 64 विद्यालयों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी अकादमी, ग्राम लिटिया (जिला राजनांदगांव) की प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री की छात्रा कु. अर्पिता वर्मा ने आधुनिक ओलंपिक कम्पाउंड धनुष स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अपने नाम किए। अर्पिता की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से शाला परिवार, जिले एवं पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है।

# जिला जेल राजनांदगांव में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



**राजनांदगांव (दावा)।** जिला जेल राजनांदगांव में 26 जुलाई को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, अमित जिन्दल, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव ने किया। अमित जिन्दल ने बताया कि बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में अनेक अधिकार दिये गए है परंतु इन अधिकारों के साथ कुछ कर्तव्य भी है। जैसे कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 31 में प्रत्येक व्यक्ति का ऐसे मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी की ऐसे व्यक्ति को पकड़ने या निकल भागने से रोकने में जिसे ऐसा मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी गिरफतार करने के लिए प्राधिकृत है। शांति भंग का निवारण या दमन या किसी लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने के प्रयत्न का निवारण करने के लिए उसकी सहायता मांगे जाने पर मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी की सहायता करने का कर्तव्य है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 32 में वारंट के निष्पादन में सामान्य व्यक्ति भी सहायता कर सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 33 में यह प्रावधान है कि हत्या, मानव वध, संगठित अपराध, हत्या करने के लिए अपहरण या व्यपहरण, दुर्व्यवहार, भारत सरकार के विरूद्ध युद्ध करना या ऐसा प्रयत्न या ऐसा दुष्प्रेरण, सिक्कों, सरकारी स्टाम्पों, करेंसी नोट या बैंक नोंटों का कूटकरण, उन्हें असली के रूप में उपयोग करना, उन्हें कब्जे में रखना, ऐसा कार्य करने के लिए सामग्री कब्जें में रखना, विधि विरूद्ध जमाव, बल्वा, खाद्य या पेय का अपमिश्रण, विक्रय, औषधियों का अपमिश्रण, औषधियों का विक्रय के अपराधों की सूचना प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी को दिया जाना आवश्यक है।

# राज्य के शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का ड्राफ्ट तैयार : राजेश चटर्जी

## वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 100 करोड़ का प्रावधान, 5 लाख से अधिक कर्मचारियों व परिजनों को मिलेगा लाभ



**ई-कार्ड के जरिए साधारण और गंभीर बीमारियों का होगा कैशलेस इलाज, 'नो रेफर' डायरेक्ट ट्रीटमेंट से कर्मचारियों का सपना साकार**

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों को अब साधारण अथवा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही कैशलेस चिकित्सा योजना की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य के पेंशनरों को भी केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की दर पर कैशलेस इलाज उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव सौंपा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों–राजनांदगांव जिला संरक्षक मुकुल साव, पी.आर. झाड़े, सतीश ब्यौहरे सहित अन्य नेताओं ने बताया कि इस योजना से प्रदेश के करीब 5 लाख कर्मचारियों व उनके परिजनों को सीधा लाभ मिलेगा। अब कर्मचारियों को इलाज के लिए जेब से एडवांस राशि नहीं देनी होगी। ई-कार्ड के तत्काल ऑनलाइन वेरिफिकेशन से अस्पताल में इलाज शुरू हो जाएगा। पुरानी प्रक्रिया में इलाज के लिए रेफरल की जटिल शर्त को अब समाप्त कर दिया गया है। कर्मचारी अपनी सुविधा अनुसार सीधे पंजीकृत अस्पतालों में इलाज करा सकेंगे। इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सीजीएचएस दरों पर सीधे अस्पतालों को किया जाएगा। इससे कर्मचारियों को दफ्तरों के चक्कर लगाने और फर्जीवाड़े से मुक्ति मिलेगी।

### एआई और नफू के जरिए फर्जी बिलों पर लगेगी नकेल

योजना को पारदर्शी बनाने के लिए मेडिकल देयकों और उपचार की निगरानी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित ट्रिगर विश्लेषण और राष्ट्रीय धोखाधड़ी विरोधी इकाई (नफु) के माध्यम से की जाएगी। जिससे फर्जी बिलिंग पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने स्वास्थ्य सचिव को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी 3 अक्टूबर 2025 के कार्यालय ज्ञापन की प्रति सौंपी। उन्होंने आग्रह किया कि 13 अक्टूबर 2025 से लागू सीजीएचएस पैकेज दरों के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पेंशनरों व विशिष्ट वर्ग के लाभार्थियों को भी यह कैशलेस सुविधा प्रदान की जाए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव विकासशील, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, सी.एल. चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार रंगारी, बृजभान सिन्हा, पुष्पेंद्र साहू, शिरीष कुमार पांडे, हेमंत पांडे, उत्तम डड़सेना, अब्दुल कलीम खान, सुधांशु सिंह, सोहन निषाद, संगीता ब्यौहरे, नीलू झाड़े, सीमा तरार, यामिनी साहू, अभिषिक्ता फंदियाल, स्वाति वर्मा, शिवानी दीवान तिवारी एवं अनिल साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा उत्तर मंडल के आयोजन में याद किए गए संत शिरोमणि गुरु रविदास

**मोतीपुर वार्ड में समरसता दीप संकल्प अभियान आयोजित, महापौर मधुसूदन यादव ने मंदिर में की पूजा-अर्चना**



**राजनांदगांव (दावा)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल द्वारा मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 (रेलवे अंडरब्रिज के पास) स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में 'श्री गुरु रविदास महाराज समरसता दीप संकल्प अभियान' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए महापौर मधुसूदन यादव ने संत रविदास जी के मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित वार्डवासियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ समरसता का दीप प्रज्वलित कर समाज में एकजुटता का संकल्प लिया।

स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास एक महान संत, भक्ति काल के उत्कृष्ट कवि और दूरदर्शी समाज सुधारक थे। उन्होंने तत्कालीन समाज में व्याप्त जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त कर संपूर्ण मानव समाज को परस्पर प्रेम, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया।

महापौर ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और अनुकरणीय हैं। उन्होंने भाजपा उत्तर मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी सद्भावना और समरसता का संदेश मजबूती से प्रसारित होता है। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों के साथ-साथ भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान भाजपा नेता विजय राय, विनोद भारती, दीपेश शेन्डे, योगराज जगने, कबीर साहू, करण कोसरे, रिभय यादव, कृष्णा तिवारी, गेमू कुंजाम, रवि बंजारे सहित मोतीपुर वार्ड के नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> हीरे की परख अंधेरे में होती है, रोशनी में तो कांच भी चमकता है।

## घोषणाओं और धरातल के बीच झूलती जन-आकांक्षाएं

लोकसभा ने पेपर लीक विरोधी संशोधन विधेयक पारित किया है, जिससे कानून और कठोर होगा। हालांकि, इसकी प्रभावशीलता और परीक्षाओं में सेंधमारी रोकने के लिए समाज के नैतिक पतन पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

अंततः पेपर लीक विरोधी संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित हो गया। राज्यसभा से भी इस विधेयक के पारित होने के आसार हैं। इस विधेयक पर संसद की मुहर लगने के साथ ही पेपर लीक विरोधी कानून और अधिक कठोर हो जाएगा, लेकिन यह समय बताएगा कि वह परीक्षाओं में सेंध लगाने वाले तत्वों को हतोत्साहित करने में सफल होगा या नहीं? निःसंदेह परीक्षाओं में सेंध लगने की समस्या को देखते हुए पेपर लीक विरोधी कानून को कठोर किया ही जाना चाहिए, लेकिन यह ध्यान रहे कि कड़े कानून एक सीमा तक ही प्रभावी होते हैं। आवश्यकता इसके उपाय करने की भी है कि पेपर लीक हो ही न सकें। आशा की जाती है कि नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में गठित समिति की ओर से सुझाए गए उपायों पर अमल करने में भी तत्परता दिखाई जाएगी। ऐसा करना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि देश में पेपर लीक कराने वाला एक माफिया पैदा हो गया है।

यह माफिया इसलिए पैदा हुआ है, क्योंकि ऐसे छात्रों की संख्या बढ़ी है, जो छल-छद्म से परीक्षा पास करना चाहते हैं। इसी के साथ स्कूली परीक्षाओं में भी नकल की प्रवृत्ति बढ़ती चली जा रही है। जो छात्र स्कूली परीक्षाओं में नकल करके पास होते हैं, वही आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं को अनुचित तरीके से पास करने के जतन करते हैं। स्पष्ट है कि पेपर लीक की समस्या के पीछे कहीं न कहीं समाज का चारित्रिक पतन भी जिम्मेदार है। इसे इससे समझा जा सकता है कि छात्रों और अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षक भी पेपर लीक में लिप्त पाए जा रहे हैं।

यह एक विडंबना रही कि लोकसभा में पेपर लीक विरोधी कानून को और कठोर किए जाने संबंधी विधेयक पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तो खूब हुए, लेकिन पेपर लीक की समस्या के लिए उत्तरदायी नैतिक पतन की ओर ध्यानाकर्षण नहीं किया गया। कहीं इसलिए तो नहीं कि हमारे कई जनप्रतिनिधि भी ऐसे हैं, जिन पर छल-कपट के सहारे पास होने के आरोप लगे हैं? यह निराशाजनक रहा कि लोकसभा में पेपर लीक विधेयक के गुण-दोष पर बहुत कम चर्चा हुई।

पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करता रहा और शिक्षा एवं परीक्षा व्यवस्था की कमियों पर गंभीर चर्चा करने के लिए आगे नहीं आया। जो चर्चा हुई भी, वह स्तरहीन ही रही। ऐसा लगा कि पक्ष-विपक्ष की रुचि पेपर लीक के लिए एक-दूसरे को दोषी बताने की रही। कुछ नेता तो ऐसे रहे, जिन्होंने पेपर लीक विधेयक पर कुछ कहा ही नहीं।

इसके बजाय वे इधर-उधर की बातें करते रहे। इनमें नेता विपक्ष राहुल गांधी भी रहे। उनका भाषण एक तरह से इसका परिचायक रहा कि किसी गंभीर मुद्दे पर सार्थक चर्चा कैसे न की जाए। उनके भाषण उन्हें चर्चा में तो ला देते हैं, पर उनसे किसी को कुछ हासिल नहीं होता।

### फोटो ऑफ द डे...



# जेन ज़ी के बाद अब जेन अल्फ़ा का प्रदर्शन, स्कूल के बच्चे क्यों हैं गुस्से में ?

**प्रेरणा**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर जेन ज़ी युवाओं का प्रदर्शन देश ही नहीं, दुनियाभर में चर्चा का विषय बना था. सोशल मीडिया पर प्रदर्शन की तस्वीरें और वीडियो करोड़ों लोगों तक पहुंचीं और 36 दिन बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े के साथ यह प्रदर्शन ख़त्म हो गया.

लेकिन इसका असर ख़त्म होता नहीं दिख रहा. सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें सरकारी स्कूल के बच्चे बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन करते नज़र आ रहे हैं. ऐसा ही एक वीडियो उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर से भी सामने आया है. फ़तेहपुर ज़िले के विजयीपुर ब्लॉक स्थित किशनपुर कस्बे के सर्वोदय इंटर कॉलेज में बीते मंगलवार को छात्र बड़ी संख्या में प्रदर्शन करते नज़र आए. स्कूल में बेंच, पंखे, साफ़ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने यहां पढ़ने वाले बच्चों को इस क़दर परेशान कर दिया कि वे धरने पर बैठने को मजबूर हो गए.

28 जुलाई को स्टूडेंट्स कॉलेज के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए. इस बीच स्कूल प्रबंधन और स्थानीय पुलिसकर्मियों ने स्टूडेंट्स को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्टूडेंट्स अपनी मांगों पर डटे रहे.हाथ में अपनी मांगों की तख्तियां और भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लिए स्टूडेंट्स नारे लगाते रहे और करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया.

इनका कहना था कि जब तक ज़िला अधिकारी मौके पर पहुंचकर उन्हें मांगें पूरी करने का आश्वासन नहीं दे देते, तब तक वे अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे. बढ़ते विरोध को देखते हुए ज़िला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राकेश कुमार, नायब तहसीलदार नितिन कुमार और अन्य प्रशासनिक अधिकारी विद्यालय पहुंचे. विरोध प्रदर्शन को देखते हुए अधिकारियों को स्कूल पहुंचना पड़ा. इन अधिकारियों ने स्टूडेंट्स से बात की और उनकी आठ प्रमुख मांगों में से सात को लिखित रूप में स्वीकार कर लिया.

छात्रों की आठ मांगों में पीने के साफ़ पानी की व्यवस्था, हर कक्षा में चार पंखे, शौचालयों की नियमित सफ़ाई, कक्षा 6 से 8 तक के स्टूडेंट्स के लिए पर्याप्त फ़र्नीचर, मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता में सुधार, छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई, खेल मैदान की साफ़-सफ़ाई और कॉलेज में विज्ञान वर्ग की मान्यता शामिल थी. फ़तेहपुर के ज़िला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि स्टूडेंट्स की ओर से लिखित रूप में रखी गई मांगों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है. उन्होंने कहा, ÷बच्चों की जो लिखित मांगें थीं, उनमें बिजली, पंखे, पानी और मिड-डे मील से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं. हमने उन्हें लिखित रूप में बताया है कि



हर कमरे में चार पंखे लगाए जाएंगे, खुली वायरिंग को ठीक किया जाएगा, मिड-डे मील का मेन्यू सुधारा जाएगा, कक्षा छह, सात और आठ के स्टूडेंट्स के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी और वाटर कूलर लगाया जाएगा. जो काम तुरंत हो सकते हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा. इसकी जानकारी बच्चों को लिखित रूप में दे दी गई है. फ़तेहपुर की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने भी एक बयान जारी किया है. बयान में उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स की आठ में से सात मांगों पर तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ़ विज्ञान संकाय की मान्यता से जुड़ी मांग को नियमानुसार प्रयोगशाला बनने के बाद ही पूरा किया जा सकता है.

उन्होंने कहा, सुबह सूचना मिली थी कि कुछ स्टूडेंट्स सर्वोदय इंटर कॉलेज में अपनी मांगों को लेकर एकत्र हुए हैं. इसके बाद डीआईओएस, संबंधित एसडीएम और थाना प्रभारी को मौके पर भेजा गया.स्टूडेंट्स से बातचीत में उनकी मांगें सामने आईं. खाने, शौचालय और साफ़-सफ़ाई समेत पहली छह मांगों पर काम शुरू कर दिया गया है. वहीं विज्ञान संकाय की मान्यता देने की मांग पर प्रयोगशाला के निर्माण के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

स्कूल के प्रिंसिपल लाल बहादुर सिंह का कहना है कि प्रदर्शन के अगले ही दिन से अधिकांश मांगों पर अमल शुरू कर दिया गया है. उन्होंने कहा, स्टूडेंट्स की जो भी मांगें थीं, उन पर अमल करते हुए हमने ज़्यादातर काम करा दिए हैं. बाकी काम भी जारी है. स्कूल में पहले की तरह नियमित कक्षाएं चल रही हैं और शिक्षक पढ़ा रहे हैं. हालांकि, इस प्रदर्शन की चर्चा सोशल मीडिया पर अब भी जारी है. प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले छात्र अंकुर भी ऑनलाइन चर्चा का विषय बने हुए हैं. अंकुर इससे पहले दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे.

सोशल मीडिया पर कई लोग मान रहे हैं कि जंतर-मंतर के अनुभव से उन्हें अपने स्कूल में स्टूडेंट्स को संगठित करने की प्रेरणा मिली. हालांकि, बीबीसी स्वतंत्र रूप से इस दावे की पुष्टि नहीं करता. फ़तेहपुर के सरकारी कॉलेज का यह उदाहरण बताता है कि ये छात्र न केवल अपने अधिकारों को समझ रहे हैं, बल्कि उन्हें यह भी मालूम है कि व्यवस्था में सुधार कैसे किया जाए.


इस बीच एक छात्रा के परिजनों ने दावा किया है कि किशनपुर सर्वोदय इंटर कॉलेज में दो दिन पहले हुए छात्रों के प्रदर्शन के बाद से छात्रा लापता है. छात्रा ने स्कूल में प्रदर्शन में भी हिस्सा लिया था. लेकिन प्रदर्शन वाले दिन, यानी 28 जुलाई के बाद से वह अपने घर नहीं लौटी. छात्रा दसवीं कक्षा में पढ़ती है.छात्रा की मां ने फ़तेहपुर के स्थानीय पत्रकार अवनीश चौहान को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी मंगलवार को स्कूल गई थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी. इसके बाद परिवार ने उसकी तलाश शुरू की. परिवार के मुताबिक़, छात्रा ने अपनी बुआ के घर जाने की बात कही थी, लेकिन वहां संपर्क करने पर पता चला कि वह वहां भी नहीं पहुंची थी.

अगले दिन, यानी 29 जुलाई को परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अपहरण का मुक़दमा दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है.

बीबीसी से बातचीत में फ़तेहपुर के एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा, ÷सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला है कि छात्रा पहले स्कूल से अपनी एक दोस्त के घर गई. वहां कपड़े बदलने के बाद वह बाहर निकलती दिखाई देती है.÷हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह वहां से कहां गई. छात्रा के पास अपना मोबाइल फ़ोन नहीं था. वह अपनी मां का फ़ोन इस्तेमाल करती थी. उसकी भी जांच की जा रही है.इस बीच प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले छात्र अंकुर पासवान का दावा है कि पुलिस प्रदर्शन में शामिल प्रमुख छात्रों के घर जाकर पूछताछ कर रही है.उनका कहना है कि छात्रों और उनके परिजनों से लगातार सवाल किए जा रहे हैं, जिससे उनमें डर का माहौल है. बीबीसी ने इस दावे पर भी एसपी अभिमन्यु मांगलिक से सवाल किया.

मांगलिक ने कहा, ÷मुझे ऐसी किसी पूछताछ की जानकारी नहीं है. अगर कहीं पूछताछ हुई भी होगी, तो उसका मक़सद सिर्फ़ यह समझना रहा होगा कि स्कूल में हुआ यह प्रदर्शन अचानक इतना बड़ा कैसे बन गया यह भी देखा जा रहा होगा कि स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों के गुस्से का किसी ने अपने हित में इस्तेमाल तो नहीं किया. जिस छात्रा ने एक शिक्षक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे, वह अपनी शिकायत को एफ़आईआर में दर्ज कराना चाहती है या नहीं, ये जानने की कोशिश हो रही होगी. उन्होंने कहा, संभव है कि उसी सिलसिले में कुछ लोगों से बात की गई हो. लेकिन अगर इससे छात्रों के बीच डर का माहौल बन रहा है, तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा न हो.

# सावन शिवरात्रि, जाने जल चढ़ाने का शुभ मुहूर्त



शिवरात्रि सावन महीने का एक प्रमुख त्योहार है, जो श्रावण कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करने का विशेष महत्व माना जाता है। इसी कारण से ज्यादातर कावड़िए भी कावड़ जल इसी दिन चढ़ाते हैं। जानिए अगस्त में शिवरात्रि कब मनाई जाएगी।

वैसे तो शिवरात्रि पर्व हर महीने आता है, लेकिन साल में दो शिवरात्रि सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिनमें पहली शिवरात्रि फाल्गुन मास में आती है, जिसे महाशिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। तो दूसरी शिवरात्रि सावन में आती है जो श्रावण शिवरात्रि कहलाती है। 30 जुलाई से सावन महीना शुरू हो चुका है, ऐसे में अब श्रद्धालु सावन शिवरात्रि की डेट को लेकर काफी सर्च कर रहे हैं। चलिए जानते हैं इस साल सावन शिवरात्रि कब मनाई जाएगी और जल चढ़ाने का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।

### सावन शिवरात्रि 2026 तिथि व मुहूर्त

सावन शिवरात्रि इस साल 11 अगस्त 2026 को मनाई जाएगी। भगवान शिव की पूजा का सबसे शुभ मुहूर्त 11 अगस्त की रात 12 बजकर 5 मिनट से शुरू होकर देर रात 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।

### सावन शिवरात्रि पर जल चढ़ाने का शुभ मुहूर्त 2026

सावन शिवरात्रि के दिन जल चढ़ाने का शुभ मुहूर्त सुबह 4 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर देर रात 01 बजकर 52 मिनट तक रहेगा।

### श्रावण शिवरात्रि पर क्या करना चाहिए?

सावन शिवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर हल्के रंग के वस्त्र पहनें।

इसके बाद व्रत रखने का संकल्प लें।

भगवान शिव की विधि विधान पूजा करें और आरती उतारें।

संभव हो तो इस दिन रुद्राभिषेक अवश्य करें।

इस दिन रात्रि के चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।

हर प्रहर की पूजा में भगवान शिव को अलग-अलग तरह का भोग लगाया जाता है।

कहते हैं जो भक्त शिवरात्रि पर रात्रि के चारों प्रहर की विधि विधान पूजा करता है उसकी समस्त परेशानियां दूर हो जाती हैं।

### श्रावण शिवरात्रि में क्या ना करें?

तामसिक भोजन जैसे लहसुन प्याज का सेवन भूलकर भी न करें।

मांस मदिरा का सेवन न करें।

ध्यान रहे शिवलिंग पर केतकी के फूल, सिंदूर, रोली, कुमकुम भूलकर भी न चढ़ाएं।

भगवान शिव की पूजा में तुलसी की पत्तियों का इस्तेमाल न करें।

किसी से लड़ाई झगड़ा ना करें।

भूलकर भी किसी का अपमान न करें।

### सावन शिवरात्रि चार प्रहर पूजा मुहूर्त 2026

- रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय - 11 अगस्त की शाम 07 बजकर 04 मिनट से रात्रि 09 बजकर 45 मिनट तक
- रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय - 11 अगस्त की रात 09 बजकर 45 मिनट से 12 अगस्त को 12 बजकर 45 मिनट तक
- रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय - 12 अगस्त को 12 बजकर 26 मिनट से 03 बजकर 07 मिनट तक
- रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय - 12 अगस्त को 03 बजकर 07 मिनट से प्रातः 05 बजकर 49 मिनट तक

## सामयिक चर्चा

### मोदी जी के जवाब की उत्सुकता...!

आज खबर पढ़कर
बानी बोले - गजाधर !
कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी
लोकसभा में कहती है -
''आज की पीढ़ी
झूठ को पहचानने की
जबरदस्त क्षमता रखती है।''
फिर वे आगे तंज कसती है -
'प्रधानमंत्री मोदी जी को
अपने कैमरों का एंगल बदलने के बजाय,
अपने दिल का एंगल बदलने की जरूरत है।'
गजाधर ! इस पर आप
क्या कमेन्ट करते है?
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी !
बोलने में मुखर हो गई प्रियंका गांधी ने
उसी टोन में कहा है, जिस टोन में
शब्दों के जादूगर प्रधानमंत्री मोदी जी
विपक्षियों पर व्यंग्य कसते है।
हमें तो ऐसा लगता है बानी !
एक दिन ऐसा भी आएगा
जब कांग्रेस पार्टी की महामंत्री
प्रियंका गांधी का भाषण
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की
टक्कर का हो जाएगा।
पर हॉं! बानी ! अभी तो हम
बड़ी उत्सुकता से यह देख लेते है
कि कटाक्ष करने में माहिर मोदी जी
प्रियंका गांधी को
क्या जवाब देते है।'
(बुधवार 29 जुलाई 2026)



गिरीश बख्शी

## (कविता)

### संस्काधानी नगरी राजनांदगांव

सुसंस्कारी महाकवि अऊ,
सत साहित्य संगम के ठांव हरे।
गजानंद माधव मुक्तिबोध अऊ,
पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के गांव हरे
विश्व प्रेम अऊ मानवता
प्रेमी ले भरे,
हिन्दी साहित्य के निर्मल छांव हरे।
छत्तीसगढ़ म सुप्रसिद्ध
संस्कारधानी नगरी,
हमर राजनांदगांव हरे।।



चुरामन साहू ग्राम कसही
एवं सिंगदई, वार्ड 50
8964022051

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों के लिए आज का दिन कम्युनिकेशन पर काम करने का है। नेटवर्क मैनेजिंग का काम करने वालों को लाभ मिलेगा। करियर और सम्मान के मामले में सीखने और ध्यान से सुनने का समय है। आज बहुत ध्यान से सुनें क्योंकि उसमें कोई जरूरी और काम की बात छुपी हो सकती है, जो आगे बहुत काम आ सकती है।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों के लिए आज का दिन उच्च शिक्षा के लिहाज से शुभ साबित हो सकता है। किसी गुरू, मेंटर या बड़े की बात आज बहुत ध्यान से सुनें, उसमें एक ऐसा ज्ञान हो सकता है जो जीवन की दिशा बदले। उच्च शिक्षा से जुड़ा कोई नया ज्ञान आज आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। किसी धार्मिक प्रवचन या सत्संग में जाने का मौका मिले तो जाएं।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन कम्युनिकेशन के मामले में विशेष सावधानी रखने का है। करियर में कोई उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। बीमा, आयकर या फाइनेंस से जुड़ी कोई जरूरी बात आज सुनने को मिल सकती है, उसे ध्यान से सुनें और फिर सत्यापित करके आगे बढ़ें। ससुराल पक्ष से कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का मौका बन सकता है।

**कर्क** — कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अपने ज्ञान के साथ नेतृत्व करने का है। सूर्यदेव की कृपा से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी और साझेदारी के मामले में आज बोलने से ज्यादा सुनने पर फोकस करना चाहिए। आपको इस मामले में दबाव का सामना करना पड़ सकता है। कहीं बाहर जाने का मौका मिल सकता है।

**सिंह** — सिंह राशि वालों के लिए आज का अलग तरह से काम करने का है। आपके काम का परचम लहराएगा, लेकिन आप उसमें बहुत हद तक तटस्त रहेंगे। आपको काम की या उससे होने वाले लाभ की आसक्ति नहीं रहेगी। पार्टनर के साथ चाहें जितनी गहमागहमी हो जाए, पर आप उसे छोड़ भी नहीं पाएंगे। सेहत के मामले में दूसरों की सलाह मानें।

**कन्या** — कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन प्रतिष्ठा और सम्मान लेकर आया है। दोस्तों से लाभ मिल सकता है, कोई इच्छापूर्ति होने के योग बन रहे हैं। शत्रु पक्ष हावी रहने का प्रयास कर सकता है। संतान, प्रेम और रचनात्मकता के मामले में सुनने और सीखने का है। बच्चों की बात आज बहुत ध्यान से सुनें। उनकी इच्छाओं को पूरा करने की कोशिश करें।

**तुला** — तुला राशि वालों के लिए आज का दिन करियर में स्थिरता के लिए घर में शांति बनाए रखने का है। लिहाजा, घर और परिवार के मामले में बोलने से ज्यादा सुनने का है। मां या घर के किसी बड़े की बात आज बहुत ध्यान से सुनें, उनके अनुभव में एक ऐसा ज्ञान हो सकता है जो लंबे समय तक काम आए। घर में आज एक सीखने और समझने वाला माहौल है।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन भाई-बहन और बातचीत के मामले में सुनने और सीखने का है। भाई-बहन की बात आज बहुत ध्यान से सुनें, उनके पास कोई ऐसी जानकारी हो सकती है जो आपके काम आए। बातचीत में आज एक खास ज्ञान और गहराई आएगी जो दूसरों पर असर करेगी। पड़ोसी से भी कुछ गहरी बातचीत हो सकती है।

**धनु** — धनु राशि वालों के लिए आज का दिन परिवार के मामले में सुनने और सीखने का है। परिवार के किसी सदस्य की बात आज बहुत ध्यान से सुनें। पैसों से जुड़ी कोई जानकारी या सलाह आज आपको मिल सकती है, उसे सत्यापित करके ही आगे बढ़ें। आवाज में आज एक खास ज्ञान और गहराई होगी जो दूसरों को प्रभावित करेगी। आंखों को थोड़ा आराम दें।

**मकर** — मकर राशि वालों के लिए आज का दिन ज्ञान-अर्जन, सुनने की शक्ति और नाम-यश के लिहाज से बेहद शुभ है। श्रवण नक्षत्र की ऊर्जा आज आपकी राशि में है जिससे सुनने और सीखने की क्षमता आज चरम पर है। जो भी बात ध्यान से सुनेंगे वो लंबे समय तक याद रहेगी। नाम और यश से जुड़ा कोई काम आज विशेष रूप से शुभ है।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन किसी पूर्व पुण्य के फलित होने का है। आपको पुराने किसी काम का लाभ मिल सकता है। एकांत और ज्ञान-अर्जन के मामले में भी दिन बेहद शुभ है। एकांत में बैठकर आज कुछ नया और उपयोगी पढ़ें या सीखें, यह ज्ञान लंबे समय तक काम आएगा। कोई उपयोगी और ज्ञानवर्धक बात या जानकारी मिल सकती है।

**मीन** — मीन राशि वालों के लिए आज का दिन लाभ और मित्रों के मामले में सुनने और सीखने का है। किसी पुराने मित्र की बात आज बहुत ध्यान से सुनें, उनके पास कोई ऐसी जानकारी हो सकती है जो लाभ दिलाए। बड़े भाई-बहन से भी कुछ उपयोगी सीखने का मौका मिल सकता है। लग्नेश बृहस्पतिदेव प्रेम और रचनात्मकता में एक ज्ञानपूर्ण और गहरी ऊर्जा दे रहे हैं।

# सुर्खियां बनने के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार, देवपुरा की बदहाल सड़क पर ग्रामीण बेहाल

गंडई पंडरिया (दावा)। ग्राम पंचायत देवपुरा की जर्जर सड़क को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार विभागों की नींद नहीं टूटी है। कई दिन बीत जाने के बावजूद न तो किसी अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया और न ही सड़क की मरम्मत अथवा निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल दिखाई दी। बरसात के बीच सड़क की स्थिति और अधिक भयावह हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया है। जबकि पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीणों को हर दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर कम से कम अस्थायी मरम्मत कराएगा, लेकिन हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं। इससे लोगों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, सड़क बनी दलदल

ताजा तस्वीरें सड़क की वास्तविक स्थिति खुद बयां कर रही हैं। पूरी सड़क पर कीचड़ फैला हुआ है और गड्ढों में पानी भरा होने से राहगीरों को यह तक पता नहीं चल पाता कि गड्ढा कितना गहरा है। दोपहिया वाहन चालक फिसलने के डर से धीरे-धीरे वाहन निकालने को मजबूर हैं। जबकि पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता पार करना चुनौती बन गया है। इसी मार्ग से स्कूली बच्चे, किसान, महिलाएं और बुजुर्ग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। बारिश के दौरान हालात इतने खराब हो जाते हैं कि कई लोगों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है।

### गंदा पानी और जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा

सड़क पर लंबे समय तक जलभराव रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण या जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क की यह समस्या अब केवल आवागमन तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय बन चुकी है।

- गड्ढों और कीचड़ के बीच जान जोखिम में डालकर आवागमन को मजबूर
- गंदा पानी जमा होने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का फैला खतरा



### खबर छपी, फिर भी जिम्मेदार रहे मौन

देवपुरा की सड़क का मुद्दा पहली बार नहीं उठा है। वर्षों से ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। पंचायत स्तर से प्रस्ताव भेजे गए, जनपद पंचायत, जिला पंचायत और राज्य स्तर तक मांग पहुंचाई गई, लेकिन धरातल पर अब तक कोई काम शुरू नहीं हो सका। समाचार प्रकाशित होने के बाद भी यदि जिम्मेदार विभाग सक्रिय नहीं होते हैं तो यह आमजन की समस्याओं के प्रति सरकारी संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करता है।

### ग्रामीणों का आरोप : वादे हुए, 5लेकिन विकास नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत देवपुरा गंडई नगर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद गांव आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान वर्तमान सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण और गांव के विकास को लेकर बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वे वादे केवल आश्वासन बनकर रह गए। उनका कहना है कि यदि पंचायत इस मुद्दे को लगातार प्राथमिकता देकर उच्च अधिकारियों पर प्रभावी दबाव बनाती, तो वर्षों पुरानी यह समस्या अब तक दूर हो चुकी होती। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। जबकि जमीनी हकीकत आज भी बदहाल सड़क के रूप में सामने है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए दशकों तक इंतजार करना किसी भी गांव के साथ न्याय नहीं है।

> मुय कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुईखदान केश्वरी देवांगन ने कहा कि ग्राम पंचायत देवपुरा से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर सड़क निर्माण की मांग राज्य स्तर पर भेजी गई है। उच्च स्तर से आश्वस्त किया गया है कि फंड उपलध होते ही सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने दिया बूथ सशक्तिकरण का मंत्र




**अंबागढ़ चौकी में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, आगामी अभियानों की बनी रणनीति**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा के संगठनात्मक अभियान के तहत जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के अंबागढ़ चौकी स्थित टाउन हॉल में जिला, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय करने तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संगठन है। उन्होंने प्रत्येक बूथ को सक्रिय, संगठित एवं प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। दुर्ग संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणीग्राही तथा जिला प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने सदस्य संपर्क अभियान, संगठन विस्तार और पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया।

जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने संगठन की वर्तमान गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना, विभिन्न अभियानों की जिम्मेदारियों तथा बूथ स्तर पर संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रत्येक अभियान को पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, कमलेश सारस्वत, गुलाब गोस्वामी, राजू कुरैशी, अनिल गुप्ता, नरसिंग भंडारी, रमेश हेडामे, लखन कलामे, शांति त्रिपूरे, सविता सोरी, रेखा कोठारी, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला प्रवक्ता राजू टांडिया, कोषाध्यक्ष राजू गुजराती,अविनाश त्रिपाठी,अम्बर जोशी, ढाल सिंह कौशिक, राजकिशोर खंडेलवाल, अरुण यादव, देवनारायण कुंभकार, अजरूद्दीन, नेहरू रजक, विजय जैन, प्रकाश मिश्रा, संदीप साहू, अमित श्रीवास्तव, कमल तापड़िया, रेणु टांडिया, संगीता मिश्रा, सुशीला गावरे, धरमु भूआर्य, पुलकित खंडेलवाल, पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी अभियानों को सफल बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा क्षेत्र में आरटीओ शिविर आयोजित करने की मांग

खैरागढ़ (दावा)। गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों तथा विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को परिवहन विभाग से संबंधित कार्यों के लिए हो रही भारी व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए स्थानीय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में पूर्व अध्यक्ष-ब्लॉक सरपंच संघ (छुईखदान-गंडई) रणजीत सिंह चंदेल ने जिला कलेक्टर को आवेदन पत्र सौंपकर जनहित में त्वरित निर्णय लेने का आग्रह किया है।

### राजनांदगांव आरटीओ की अत्यधिक दूरी बनी बड़ी समस्या

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को सौंपे गए ज्ञापन में रणजीत सिंह चंदेल ने बताया कि गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा क्षेत्र का मुख्य क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय वर्तमान में राजनांदगांव में स्थित है। इन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से राजनांदगांव की भौगोलिक दूरी बहुत अधिक है। सुलभ एवं पर्याप्त आवागमन साधनों के अभाव में क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों को आरटीओ से जुड़े अत्यंत छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी अपना पूरा दिन और अत्यधिक धन खर्च करके राजनांदगांव के चक्कर काटने पड़ते हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से रेखांकित किया गया है कि क्षेत्र के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अपने वाहनों का लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए पढ़ाई छोड़कर इतनी दूर राजनांदगांव जाना पड़ता है। जिससे उनकी शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आरटीओ कार्यालय दूर होने के कारण कई वाहन चालक चाहकर भी समय पर अपने लाइसेंस का नवीनीकरण या वाहनों के वैध दस्तावेज दुरुस्त नहीं करवा पाते। जो कि सड़क सुरक्षा के लिहाज से भी अत्यंत चिंताजनक है।



**पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

जनहित एवं छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन से मांग की गई है कि गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा क्षेत्र में परिवहन विभाग के विशेष आरटीओ शिविरों का आयोजन कराया जाए। ताकि निम्नलिखित कार्य स्थानीय स्तर पर ही पूरे हो सकें। जिससे युवा एवं विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का नुकसान किए बिना वैध रूप से वाहन चलाना सीख सकें। ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण पुराने व अव्यावहारिक हो चुके लाइसेंसों का सुगमता से रिन्यूअल, वाहनों का नाम ट्रांसफर वाहनों के स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया का स्थानीय निष्पादन, दस्तावेज एवं त्रुटि सुधार लाइसेंस व वाहनों के कागजातों में नाम, पता या मोबाइल नंबर संबंधी त्रुटियों का सुधार व परिवहन सुरक्षा परामर्श आम जनता को यातायात नियमों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना आदि है। इस जनहितैषी आवेदन पत्र को जिला कलेक्टर कार्यालय खैरागढ़-छुईखदान, गंडई की आवक/जावक शाखा द्वारा 30 जुलाई को औपचारिक रूप से प्राप्त कर पंजीकृत कर लिया गया है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते

## कटली में न्योता भोज का किया आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत विभिन्न समुदाय के बीच अपनेपन की भावना के विकास, भोजन के पोषण मूल्य में वृद्धि, तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध करवाया जाता है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र कटली तथा शासकीय प्राथमिक शाला कटली के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुलक्षणा वर्मा, सहायिका श्रीमती ईश्वरी श्रीवास, श्रीमती पुष्पा निर्मलकर, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया

### प्राचार्य प्रकाश यादव द्वारा गुरु की महत्ता को विभिन्न कथा कहानियों के माध्यम से समझाया




डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार इन्हीं के द्वारा पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर महर्षि वेदव्यास और गुरु पूर्णिमा से संबंधित विभिन्न कहानी कविता भाषण नृत्य नाटिका आदि प्रस्तुत किया गया। इस दौरान दीपेश लिल्हारे, रूपल बंजारे, वैभवी भगत, तन्वी, ईश्वर सिंहा, टीकम वर्मा, तोषित साहू, उमेश साहू, याशिका भारद्वाज, दीक्षा मेश्राम, नूपुर नागमोते, यीशु गजेंद्र, मोहित साहू, आरोही, छत्रपाल वर्मा, रेशम पटेल, द्रोणी सिंहा, नव्या, इशिका चेलक, ऋषभ वाल्दे, निशांत जैन आदि उपस्थित थे। प्रकाश यादव ने अपने उद्बोधन में गुरु की महत्ता को विभिन्न कथा कहानियों के माध्यम से समझाया एवं बच्चों में संस्कार डालें। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व कुमार ड़डसेना और लक्ष्मीकांत सोनकर ने इंग्लिश में किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## शिक्षा सेवा का स्वर्णिम अध्याय पूर्ण कर गोदावरी गोस्वामी हुई सेवानिवृत्त



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नादिया की प्रधानपाठक गोदावरी गोस्वामी 42 वर्षों की गौरवपूर्ण शासकीय सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं संकुल केंद्र नादिया द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

बता दें कि श्रीमती गोस्वामी ने एम.ए.(हिंदी एवं समाजशास्त्र) की शिक्षा प्राप्त की। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कन्या शाला खुज्जी, माध्यमिक शिक्षा पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी तथा हाईस्कूल शिक्षा बीएसपी सेक्टर-6 भिलाई में हुई। वर्ष 1984 में सहायक शिक्षक के रूप में शासकीय सेवा प्रारंभ करने के बाद उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवाएं दी। वर्ष 2021 से वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नादिया में प्रधानपाठक के पद पर कार्यरत थी।

समारोह में अतिथियों ने उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका शिक्षकीय जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में श्रीमती गोस्वामी ने विद्यालय परिवार, शिक्षा विभाग, सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व सेवा और संस्कार का होता है। जो सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के प्रति बना रहता है। समारोह का समापन उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## गुंगेरी नवागांव के स्कूली बच्चों ने किया पौधरोपण



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव के स्कूली बच्चों द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर फलदार, छायादार जैसे बादाम, आम, अमरूद, जामुन, नीम सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। बच्चों ने शाला परिसर पर लगाए गए पौधों को सुरक्षित तार फेंसिंग घेरा कर सभी पौधों को सुरक्षित कर देखरेख करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान में शाला के शिक्षक माधव साहू ने कहा पेड़ पौधे हमारे जीवन में बहुत उपयोगी हैं। पेड़ पौधे से शुद्ध हवा और फल के साथ साथ छाया भी मिलती है। बारिश के सीजन में सभी को पेड़ पौधे लगाना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रधानपाठक देवबती साहू, शिक्षक गैंदलाल डहरे, शिक्षिका दीपिका साहू, अंजु देवांगन, कीर्ति साहू, टीलेश्वर साहू, अमरनाथ सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## संत रविदास के अनुयायियों ने मनाया गुरू पूर्णिमा



डोंगरगांव (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित भवन में संत शिरोमणी गुरू रविदास के अनुयायियों ने गुरू पूर्णिमा आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु इकट्ठे होकर गुरू को याद करते हुए भक्ति भाव से पूजन अर्चन किया। इस भक्तिमय आयोजन में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद निर्मला मालेकर, हरि मालेकर, हरेन्द्र मालेकर(अध्यक्ष रविदास समाज), धरम मालेकर, जीवन मालेकर, सुभाष टांडेकर, दुर्गेश मालेकर, सुनील टांडेकर, रूद्र कोरे, विकास कोरे, आकाश टांडेकर, तरूण कोरे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व वार्डवासी शामिल हुए।

## बुचाटोला संकुल में 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधारोपण किया



छुरिया (दावा)। संकुल बूचाटोला में मां के नाम एक पेड़ तहत संकुल स्तरीय पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) एम.डी. ठाकुर के करकमलों द्वारा मां का नाम एक पेड़ रोपण किया गया। ग्राम पंचायत बूचाटोला के तत्वाधान में एमडी ठाकुर का सम्मान समारोह किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं समस्त वरिष्ठ जन उपस्थित थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के डीडी साहू एवं संकुल प्राचार्य वीके मेश्राम के उपस्थिति में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के बच्चों को शपथ दिलाया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा स्कूली बच्चों को बैग्स लगाकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप चंद्रिका डड़सेना भाजपा वरिष्ठ नेता, आत्माराम चंद्रवंशी वरिष्ठ भाजपा नेता, संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, प्रशांत ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, सरपंच, समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी एवं संकुल बूचाटोला के आश्रित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संकुल समन्वयक वीरेंद्र कुमार साहू के द्वारा किया गया।

# 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ विकास कार्यों को गति देने का आह्वान



**खैरागढ़ में जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न**

खैरागढ़ (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला कार्यसमिति की बैठक जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन की मुख्य उपस्थिति में गरिमामय माहौल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी कार्ययोजनाओं पर गहन मंथन किया गया।

### भाजपा सरकार ही करा सकती है क्षेत्र का तीव्र विकास

प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह फूंका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियों कार्यक्रम मन की बात के उपरांत हर बूथ कमेटी की बैठक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदास हर घर गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से आज देश का हर गरीब वर्ग सशक्त हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाने और अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक संकल्पों को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल से ही गरीबों को चावल देने और गांवों में सीसी रोड निर्माण की नींव रखी गई थी। वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने 18 लाख गरीबों के प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, धान खरीदी, महतारी वंदन योजना और बकाया बोनस भुगतान का उल्लेख किया। उन्होंने क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि खैरागढ़ में भाजपा विधायक न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस की नीति केवल भ्रष्टाचार और घोटालों की रही है। आगामी समय में खैरागढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए यहां भाजपा का विधायक होना अत्यंत आवश्यक है।

### 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के मंत्र पर काम करें कार्यकर्ता : विक्रांत सिंह

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन का स्वागत करते हुए उनके सरल और सहज स्वभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि नए बने खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले में कांग्रेस ने केवल घोषणाएं की। जबकि असल विकास कार्य और करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही स्वीकृत व संचालित हो रहे हैं। विक्रांत सिंह ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता का कर्तव्य सेवा भाव से जरूरतमंदों की मदद करना और संगठन को आगे बढ़ाना है। जिस बूथ पर पार्टी पीछे रह जाती है। वहां आत्मचिंतन की आवश्यकता है। कार्यकर्ता का आचरण और व्यवहार ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने मेरा बूथ, सबसे मजबूत के मूल मंत्र पर बल देते हुए सभी बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों व सह-संयोजकों से पूरी निष्ठा के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया।

### संत रविदास जयंती पर आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम : घम्मन साहू

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने प्रभारी मंत्री का जिले में प्रथम आगमन पर आभार जताया। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर जिले में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने किया।

इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. विशेशर साहू ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक रीढ़ और रीढ़ की हड्डी होते हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में टीके चंदेल, शशांक ताम्रकार, प्रियंका ताम्रकार, गिरजा चंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, आनंद सिन्हा, विकेश गुप्ता, ललित चोपड़ा, देवकुमार सेन, खम्हन ताम्रकार, ऋषि सिंह, पुष्पा वर्मा, आयश सिंह, प्रकाश सिंह, दिनेश वर्मा, जमुना कुर्रे, गोरेलाल वर्मा, भावेश कोचर, राजू जंघेल, प्रकाश वर्मा, दीनदयाल सिन्हा, लखन साहू, विनय देवांगन, चंदन गिरी, डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, किरण गुप्ता, प्रफुल्ल तिवारी सहित विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया रिटायरमेंट

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार और टेस्ट के स्पेशलिस्ट कहे जाने वाले अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। रहाणे ने पिछले कुछ साल से भारत के लिए कोई भी इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला था। एक तरह से वे टीम से बाहर थे, लेकिन अब अचानक उन्होंने ?संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने इसकी घोषणा सोशल मीडिया के माध्यम से की है। टीम इंडिया जल्द ही श्रीलंका के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी, उसके लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। इसमें भी रहाणे को जगह नहीं मिली है। माना जा रहा है कि उसी के बाद रहाणे ने वापसी की उम्मीद छोड़ दी और संन्यास ले लिया।



टीम इंडिया के लिए टेस्ट में कमाल का खेल दिखाने वाले अजिंक्य रहाणे अब इंटरनेशनल क्रिकेट में नजर नहीं आएंगे। रहाणे ने भारत के लिए टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशल तीनों फॉर्मेट खेले, लेकिन उनका अपना पसंदीदा फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट ही रहा, जहां उन्होंने कुछ मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की भी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मुकाबला साल 2023 में खेला था, उसके बाद से वे टीम के बाहर चल रहे थे। इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने इससे संन्यास लेने का आधिकारिक ऐलान कर दिया।

रहाणे वैसे तो टेस्ट के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं, लेकिन उन्होंने सबसे पहले भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था। इस फॉर्मेट में उनका डेब्यू अगस्त 2011 में हुआ था। हालांकि वे ज्यादा दिन इस फॉर्मेट में नहीं खेल पाए। साल 2016 में उनका आखिरी मैच था। इस साल यानी 2016 के सितंबर में उन्होंने भारत के लिए पहला वनडे खेला। साल 2018 के बाद वे इससे भी बाहर हो गए और उसके बाद वापसी नहीं कर पाए। रहाणे ने साल 2013 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। अजिंक्य रहाणे का सबसे ज्यादा करियर टेस्ट में ही चला। साल 2013 में डेब्यू के बाद उन्होंने साल 2024 तक टेस्ट खेला। इस दौरान उन्होंने 85 मैच खेलकर 5077 रन बनाए। इसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल रहे। वनडे में उन्होंने 90 मैच खेलकर 2962 रन बनाए। इसमें उनके नाम तीन शतक और 24 अर्धशतक हैं।

# इंग्लैंड क्रिकेट का बड़ा ऐलान, स्टीफन फ्लेमिंग बने टेस्ट टीम के नए कोच, जो रूट कप्तान नियुक्त

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट ने टेस्ट टीम के भविष्य को नई दिशा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कोचिंग में बुलंदियों तक पहुंचाने वाले दिग्गज स्टीफन फ्लेमिंग अब इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम के नए हेड कोच होंगे। वहीं अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की टेस्ट कप्तान के रूप में वापसी भी तय हो गई है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड यानी ECB ने 30 जुलाई को दोनों अहम नियुक्तियों का आधिकारिक ऐलान किया।

53 साल के स्टीफन फ्लेमिंग दुनिया के सबसे सफल क्रिकेट कोचों में गिने जाते हैं। उनके पहले से ही इंग्लैंड का कोच बनने की संभावना जताई जा रही थी। बतौर खिलाड़ी उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 111 टेस्ट मैच खेले और देश के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे। फ्लेमिंग ने 80 टेस्ट में कप्तानी करते हुए न्यूजीलैंड को 28 जीत दिलाईं। इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट में भी उन्होंने मिडिलसेक्स,



यॉर्कशायर और नॉटिंघमशायर का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि, फ्लेमिंग की सबसे बड़ी पहचान कोच के रूप में बनी। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका 18 साल का सफर बेहद शानदार रहा, जिसमें टीम ने रिकॉर्ड 5 ढ्ढक्करु खिताब जीते और 10 बार फाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा उन्होंने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव को फाइनल तक पहुंचाया।

दूसरी ओर, जो रूट एक बार फिर इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे। रूट इंग्लैंड के इतिहास में सबसे ज्यादा 65 टेस्ट मैचों में कप्तानी करने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने 27 टेस्ट मुकाबले जीते, जो किसी भी इंग्लिश कप्तान का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। रूट ने 2017 से 2022 तक नियमित कप्तानी की थी। इसके बाद इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ रोथसे टेस्ट सीरीज के दौरान ओवल टेस्ट में उन्होंने अंतरिम कप्तान की जिम्मेदारी भी निभाई थी। ECB ने बताया कि कई मजबूत दावेदारों के बीच लंबी सिलेक्शन प्रक्रिया के बाद सिलेक्शन कमेटी ने सर्वसम्मति से फ्लेमिंग के नाम पर मुहर लगाई। हालांकि, वह पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के बाद अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। तब तक मार्कस ट्रेस्कोथिक अंतरिम हेड कोच बने रहेंगे। फ

लेमिंग फिलहाल न्यूजीलैंड में अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे। हाल ही में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपना लंबा कार्यकाल समाप्त किया है।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान बना जनआंदोलन, छुईखदान की 107 ग्राम पंचायतों में एक साथ हुआ सघन वृक्षारोपण

छुईखदान (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आज जनपद पंचायत छुईखदान की सभी 107 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान के रूप में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम कोड़का में विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत रु. 10.52 लाख की लागत से स्वीकृत मिश्रित फलोद्यान वृक्षारोपण (ब्लॉक प्लांटेशन) कार्य का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया।

इसी प्रकार सभी पंचायतों में भी सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एक ही दिन में 4 हजार से ज्यादा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका खम्हन ताम्रकार, अध्यक्ष जिला पंचायत एवं विक्रांत सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों,



**ग्राम कोड़का में हुआ विकासखंड स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**
**107 ग्राम पंचायतो मे 4 हजार से ज्यादा पौधारोपण किया गया,**

अधिकारियों-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूहों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधरोपण किया। सभी ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा, 'पेड़ लगाकर भूल न जाना, दो साल तक साथ निभाना।' केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा, सिंचाई और देखभाल भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का प्रेरणादायी संदेश देता है।

सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा ने कहा कि विगत दिनों जनपद पंचायत छुईखदान परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाने की इच्छा व्यक्त की थी। आज जनपद पंचायत छुईखदान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उस संकल्प को साकार करते हुए सभी 107 ग्राम पंचायतों में अभियान के रूप में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया है। इसके लिए उन्होंने केश्वरी देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुईखदान एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामवासियों से पौधों की नियमित देखभाल करने, उन्हें संरक्षित रखने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुष्पा प्रकाश वर्मा (अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुईखदान), निजाम सिंह मंडावी (जिला सदस्य प्रतिनिधि), दुष्यंत जंघेल (सदस्य, जनपद पंचायत), प्रकाश वर्मा, आनंद सिन्हा (पूर्व जनपद अध्यक्ष छुईखदान), संदीप वैष्णव (सरपंच) सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वृहद वृक्षारोपण महाअभियानः जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया पौधरोपण



**रोपे गए पौधे का सुरक्षा एवं समुचित देखभाल का लिया संकल्प**

बालोद (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा आज आयोजित वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय बालोद स्थित पर्यावरण पार्क में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान, मनीष यादव, कृष्णशरण साहू, राजेन्द्र कुमार, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक, सुरेन्द्र साहू सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने माँ के नाम पर एक-एक पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण कर रोपे गए पौधे का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।

# नीरज विद्या मंदिर में पर्सनाल्टी डेवलपमेंट सेमीनार आयोजित

**पर्सनाल्टी डेवलपमेंट छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य निर्माण में प्रभावी योगदान**



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई), मोहड़ में व्यक्तित्व विकास को लेकर सेमीनार का सफल आयोजन हुआ।

रायपुर के ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर जिनेंद्र पारख ने विद्यालय के बच्चों को सफल जीवन के लिए आवश्यक सूत्र बताए। प्रारंभ में श्री पारख का आत्मीय स्वागत प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य श्री द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके अपने शानदार व्यक्तित्व की बड़ी भूमिका होती है। खासकर आज के दौर में पर्सनाल्टी डेवलपमेंट छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य निर्माण में प्रभावी योगदान देता है।

उल्लेखनीय है कि यह सेमीनार नवमी से बारहवी तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को खुद को तैयार करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की सख्त आवश्यकता होती है। सेमीनार में जिनेंद्र पारख ने आत्मविश्वास बढ़ाने, जीवन कौशल विकसित करने और नेतृत्व करने संबंधी आवश्यक पहलुओं को रोचक किंतु सरल ढंग से विद्यार्थियों को समझाया। सत्र के दौरानश्रीपारख ने सकारात्मकसोच एवं अभिवृत्ति को कामयाबी के लिए महत्त्वपूर्ण बताया।

इस संबंध में उन्होंने सफल लोगों का उदाहरण भी दिया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रश्नों के उत्तर श्री पारख से हासिल किए। सेमीनार का प्रभावी संचालन विद्यार्थी द्वय माही बोरकर एवं नोविना डेनियल ने किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा श्री पारख को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशासक जीराम सिन्हा, व्याख्याता श्रीमती सुरभि लारेंस, हर्ष यदु, एल.आर. कदम, श्रीचंदन द्विवेदी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# गायत्री आश्रम चांदो में 9 को भव्य आयोजन : 108 पार्थिव शिवलिंगों का होगा रुद्र महाभिषेक

डोंगरगांव (दावा)। पवित्र श्रावण मास एवं कामिका एकादशी के शुभ अवसर पर आगामी 9 अगस्त को गायत्री आश्रम, चांदो में 108 पार्थिव शिवलिंगों के रुद्र महाभिषेक का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया है।

गायत्री आश्रम ट्रस्ट द्वारा इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई हैं। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं रुद्राभिषेक के साथ होगा। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे पार्थिव शिवलिंगों की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। शिवनाथ नदी में विधि-विधानपूर्वक विसर्जन के उपरांत दीपदान एवं शिवनाथ महाआरती का आयोजन किया जाएगा।




**श्रावण मास व कामिका एकादशी पर शिवनाथ नदी तट पर दीपदान एवं महाआरती भी होगी आयोजित**

उल्लेखनीय है कि शिवनाथ नदी के पावन तट पर स्थित गायत्री आश्रम एवं श्रीराम स्मृति उपवन, अखिल विश्व गायत्री परिवार तथा जनसहयोग से निर्मित एक प्रमुख आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक केंद्र है। आश्रम परिसर में धार्मिक व आयुर्वेदिक महत्व के लगभग 3 हजार पौधों का संरक्षण किया गया है। यहां समय-समय पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। गायत्री आश्रम ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी सुरेश कुमार दीन ने समस्त श्रद्धालुओं एवं शिवभक्तों से इस पुण्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**लोकसभा में वंदे मातरम बिल पास....**

कानून को और सख्त कर रही है। उन्होंने बताया कि 2024 में लागू एंटी-पेपर लीक कानून के बाद अब तक 52 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और सरकार ने नीट पेपर लीक जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की है। यह संशोधन विधेयक 27 जुलाई को लोकसभा में पेश किया गया था। यह कदम हाल में हुए छात्र आंदोलनों और परीक्षा पारदर्शिता को लेकर उठी मांगों के बाद लाया गया।

0 खरगे बोले- नया बिल अभी अधूराः खरगे ने कहा कि नया बिल अभी अधूरा है। इसमें पेपर लीक रोकने के लिए कुछ नहीं किया गया है। देश सवालों के जवाब चाहता है। मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में कहा कि गृह मंत्री जवाब नहीं देते तो इस्तीफा दें। वो इस्तीफा नहीं देते तो पीएम को उन्हें हटा देना चाहिए। लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया, आंसूगैस, पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया। प्रधान का स्वागत नाकामी का उत्सव जैसा है। कुर्सी बचाने के लिए बिल लाया गया है। प्रधान का ऐसा स्वागत किया जैसे युद्ध जीता हो।

0 खरगे के कमेंट पर सदन में हंगामाः मल्लिकार्जुन खरगे इतना कहते ही राज्यसभा में हंगामा शुरू हो गया। तुरंत ही जेपी नड्डा सामने आए उन्होंने खरगे के कमेंट को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग उठाई। नड्डा के सुधांशु त्रिवेदी ने इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखा और नेता प्रतिपक्ष खरगे के कमेंट पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने जो भी कहा वो साबित करें। काफी देर हंगामे के बाद चर्चा फिर शुरू हुई।

**जंतर मंतर पुलिसिया दमन पर जवाब....**

जताया, जिसके कारण सदन में कुछ देर तक हंगामा भी हुआ। राज्यसभा में खड़गे ने दावा किया कि दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान 100 से अधिक छात्र घायल हुए और कई छात्रों को गंभीर चोटें आईं। उन्होंने कहा, कई छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं। कुछ छात्रों की आंखों में कथित तौर पर पैलेट के छर्रे लगे हैं। यह सब देखकर हमें शर्म आती है। पता नहीं सरकार को शर्म आई या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांवों और छोटे शहरों से पढ़ने आए छात्रों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया।

0 बिहार में एके-47 के इस्तेमाल पर भी सवालः खड़गे ने बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान कथित तौर पर एके-47 के इस्तेमाल का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तो इतनी कठोर कार्रवाई की जरूरत क्यों पड़ी। साथ ही उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद उनका स्वागत किए जाने पर भी सवाल उठाया और कहा कि छात्रों पर कार्रवाई के आरोपों के बीच ऐसा संदेश गलत जाता है।

0 सिर्फ जुर्माना बढ़ाने से पेपर लीक नहीं रुकेगाः खड़गे ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार केवल जुर्माना बढ़ा रही है, सजा कड़ी कर रही है, स्पेशल टास्क फोर्स और फास्ट ट्रैक कोर्ट बना रही है, लेकिन इससे पेपर लीक जैसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा, असल सवाल यह है कि परीक्षा व्यवस्था को इतना मजबूत कैसे बनाया जाए कि पेपर लीक ही न हो। 0 2024 में हमारी बात नहीं मानीः खड़गे ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने 2024 में भी सरकार को परीक्षा प्रणाली मजबूत करने के सुझाव दिए थे, लेकिन उस समय सरकार ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव सामने थे, इसलिए सरकार राजनीति कर रही थी। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लगातार पेपर लीक का मुद्दा उठा रहे थे। सरकार ने जल्दबाजी में कानून बनाया और अब दो साल के भीतर उसी कानून में संशोधन करना पड़ रहा है। 0 मोदी कार्यकाल में 1.25 लाख छात्रों की आत्महत्याएँ: कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार होने वाले पेपर लीक का सबसे बड़ा असर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले वर्षों में बड़ी संख्या में छात्रों ने आत्महत्या की है और परीक्षा प्रणाली में बार-बार होने वाली गड़बड़ियां भी छात्रों की निराशा का एक कारण रही हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के कार्यकाल में 1.25 लाख छात्रों ने आत्महत्या की।

**कांग्रेस सरकारों में कई बार पेपर लीक.....**

में सुनवाई शुरू हो गई है. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 5 महीने में ट्रायल पूरा हो जाएगा. उन्होंने बताया कि मुखिया 2026 केस में आरोपी नहीं था इस केस में वो शामिल नहीं था. इससे पहले बुधवार को लोकसभा से एंटी पेपर लीक बिल पारित हुआ. लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक 2026 पर लोकसभा में करीब 10 घंटे तक मैराथन चर्चा हुई. इस दौरान भी डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में इस बिल पर हुई चर्चा का जवाब दिया और इसके बाद विपक्ष के हंगामे के बीच ध्वनिमत से इस बिल को पारित कर दिया गया.

**दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान....**

कहना है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ अब आगे किसी प्रकार की कार्रवाई का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए इस पूरे मामले को बंद माना जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन से जुड़े मामलों तक सीमित है। जिन व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले या अन्य स्वतंत्र आपराधिक आरोप दर्ज हैं, उन्हें इस फैसले का लाभ नहीं मिलेगा।

**डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना....**

बिलासपुर रेल जोन ने रेलवे बोर्ड को भेजा था, जिसे अब मंजूरी मिलने की जानकारी दी गई है।

0 चार विधानसभा क्षेत्रों की कनेक्टिविटी होगी मजबूतः नई रेल लाइन बनने से खैरागढ़, छुईखदान, कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध होगा। साथ ही औद्योगिक, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

0 मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर घटेगा दबावः डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को वैकल्पिक रेल संपर्क के रूप में देखा जा रहा है। इसके बनने से मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेनों का दबाव कम होगा, जिससे परिचालन क्षमता बढ़ेगी और भविष्य में नई ट्रेनों के संचालन का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा।

0 सांसद बोले- लगातार उठाते रहे मुद्दाः सांसद संतोष पांडे ने कहा कि उन्होंने लोकसभा में कई बार इस परियोजना का मुद्दा उठाया और रेल मंत्रालय के समक्ष इसकी आवश्यकता रखी। उन्होंने परियोजना को स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

**215 कुलपतियों-शिक्षाविदों ने प्रियंका....**

बीमारियों को ठीक कर सकता है। इन बीमारियों में आईबीएस या इरिटेबल बाउल सिंड्रोम भी शामिल है। अपनी बात को साबित करने के लिए प्रो. कामकोटि ने जून 2021 में साइंस जर्नल नेचर में पब्लिश आर्टिक शेयर किया था। इसमें नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट के एनिमल बायोटेक्नोलॉजी सेंटर और सेल बायोलॉजी एंड प्रोटिओमिक्स लैब से जुड़े साइंटिस्ट्स ने गोमूत्र में पेप्टाइड प्रोफाइलिंग के रिजल्ट पब्लिश किए थे। साइंटिस्ट्स ने निष्कर्ष निकाला था- गाय के मूत्र में हजारों एन्डोजिनस पेप्टाइड्स की डिस्कवरी के लिए सिंपल मेथड बताई गई है। ये गोमूत्र से जुड़ी अलग-अलग बायोएक्टिविटी में मदद करते हैं।

**अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के खिलाफ....**

की प्रक्रिया संसदीय नियमों के अनुसार होगी। अध्यक्ष यह तय करेंगे कि मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा जाए या नहीं। यदि नोटिस स्वीकार होता है तो समिति मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट दे सकती है। फिलहाल इस मुद्दे को लेकर संसद के भीतर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सांसद अनुसार ठाकुर ने समिति से इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करने का भी आग्रह किया है, ताकि भविष्य में सदन की कार्यवाही के दौरान संसदीय मर्यादा बनी रहे।

**नेपाल में भड़की सांप्रदायिक हिंसाः हिंसक....**

रहे समूहों को तितर-बितर करने के लिए गोली चली। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, सुरक्षाकर्मियों सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सहायक मुख्य जिला अधिकारी पोषण लामिछाने ने गुरुवार को कहा कि सुनसरी जिले में सुरक्षा स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए जिला प्रशासन ने ईस्ट-वेस्ट हाईवे समेत दस इलाकों में कर्फ्यू बढ़ा दिया है। यह कर्फ्यू अगले आदेश तक लागू रहेगा। इसके साथ ही पर्सा जिले के बीरगंज में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। कर्फ्यू के तहत लोगों की आवाजाही, सभाओं, प्रदर्शनों, सार्वजनिक बैठकों और धरनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**होर्मुज संकट पर एक्शन मोड में सरकार....**

भी आकलन किया गया। सरकार ने संकेत दिए कि जरूरत पड़ने पर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरकार का कहना है कि वह वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। ऊर्जा, कृषि, व्यापार और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी चुनौती का समय रहते प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

**राष्ट्रपति भवन के विशेष अतिथि बने बस्तर के....**

को विशेष रूप से स्पर्श करता है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की काष्ठ निर्मित प्रतिमा और बस्तर दशहरा की अनूठी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका बस्तर दशहरा से आत्मीय जुड़ाव रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मांझी उनके परिवार का हिस्सा हैं और उनके पिता भी मांझी थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर पंडुम छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय परंपराओं, लोककलाओं और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उत्सव है, जिसने बस्तर की वास्तविक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों ने युवाओं को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से पुनः जोड़ने के साथ पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी नई गति दी है। राष्टपति ने बस्तर के जनजातीय कलाकारों, शिल्पकारों और युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता का संरक्षण करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। राष्टपति ने कहा कि सरकार के प्रयासों और स्थानीय जनभागीदारी से बस्तर आज शांति, विकास और समृद्धि की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बस्तर में शिक्षा, सड़क, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास के नए वातावरण की सराहना करते हुए इसे पूरे देश के लिए प्रसन्नता और गर्व का विषय बताया। साथ ही उन्होंने मांझी और चालकी की सामाजिक एवं सांस्कृतिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे समाज और प्रशासन के बीच प्रभावी सेतु के रूप में कार्य कर बस्तर की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वे कई बार राष्टपति भवन आए हैं, लेकिन पहली बार राष्टपति भवन में बस्तर की पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में इतने बड़े प्रतिनिधिमंडल को देखकर उन्हें विशेष प्रसन्नता हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राष्टपति से बस्तर के प्रतिनिधिमंडल की यह आत्मीय भेंट छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का अवसर है।

**सेक्स सीडी कांड में भूपेश बघेल को हाईकोर्ट....**

लेकिन जनवरी 2026 में CBI की विशेष अदालत ने यह आदेश रद्द करते हुए उनके खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। भूपेश बघेल के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने कहा कि CBI की विशेष अदालत ने अपने अधिकार से आगे बढ़कर डिस्चार्ज का आदेश पलट दिया और आरोपों की प्रकृति तक बदल दी। जबकि ऐसा फैसला ट्रायल कोर्ट ही उचित समय पर कर सकती है। उन्होंने कहा कि किसी डिस्चार्ज आदेश में ऊपरी अदालत तभी हस्तक्षेप कर सकती है, जब वह आदेश पूरी तरह गलत हो या रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के खिलाफ हो। हर्षवर्धन परगनिहा ने यह भी कहा कि जांच में ऐसा कोई मजबूत सबूत नहीं है, जिससे भूपेश बघेल के खिलाफ आरोप तय किए जा सकें। केवल सह-आरोपियों के साथ होटल में ठहरना किसी साजिश में शामिल होने का सबूत नहीं माना जा सकता।

# प्रवेश द्वार से ही मिट गया 'गंडई' का नाम, जिम्मेदारों की अनदेखी से धूमिल हो रही नगर की पहचान



गंडई-पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई का मुख्य प्रवेश द्वार ही प्रशासनिक उदासीनता के कारण अपनी पहचान खोता नजर आ रहा है। राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्थित नगर के स्वागत द्वार पर लिखा 'गंडई' का नाम लगभग पूरी तरह मिट चुका है। जिससे बाहरी राज्यों व जिलों से आने वाले राहगीरों के सामने शहर का पहला अक्स ही बदरंग नजर आता है। लंबे समय से बनी इस बदहाली पर स्थानीय निकाय और प्रशासनिक अधिकारियों की नजर अब तक नहीं पड़ी है।

### उखड़ा रंग-रोगन, उठ रहे नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि किसी भी शहर का प्रवेश द्वार उसकी सुंदरता और पहचान का प्रतीक होता है। वर्तमान में इस द्वार का रंग-रोगन पूरी तरह उखड़ चुका है और यह जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। हाल ही में नगर पंचायत द्वारा शहर में विभिन्न विकास कार्यों पर लाखों रुपए खर्च करने के दावे किए गए हैं, लेकिन मुख्य प्रवेश द्वार की यह उपेक्षा लोगों के बीच चर्चा और रोष का विषय बनी हुई है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर की पहली छाप को बेहतर बनाने के लिए इसका आकर्षक जीर्णोद्धार किया जाए।

**राजनांदगांव मार्ग पर स्थित नगर प्रवेश द्वार बदहाल, सीएमओ बोले- बजट की कमी से अटका काम, अब प्रस्ताव बनाकर कराएंगे सुधार**

### अधिकारियों का पक्ष

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गंडई अविनाश देवांगन ने कहा कि नगर के अन्य प्रवेश द्वारों की रिपेयरिंग कराई जा चुकी है। बजट की कमी होने के कारण राजनांदगांव रोड स्थित प्रवेश द्वार का कार्य अटक गया था। अब इसके लिए अलग से प्रस्ताव तैयार कर जल्द ही आवश्यक जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

### सवाल कागजी प्रस्ताव का या धरातल पर काम का?

नगर पालिका प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद अब देखना यह होगा कि गंडई का यह मुख्य द्वार केवल फाइलों और प्रस्तावों में सिमट कर रह जाता है या फिर जल्द ही इसे नया स्वरूप मिलता है। यदि शीघ्र ही सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो यह मुद्दा स्थानीय जन-आक्रोश का कारण बन सकता है।

# जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह के प्रयास रंग लाए : दपका और मुड़भादुर में सीसी रोड निर्माण को मिली मंजूरी

खैरागढ़ (दावा)। जिला पंचायत क्षेत्र जालबांधा के ग्राम दपका और मुड़भादुर के ग्रामीणों को वर्षों पुरानी जर्जर व कच्ची सड़क की समस्या से जल्द ही राहत मिलने जा रही है। जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह के सतत प्रयासों से जिला प्रशासन ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से दोनों गांवों में स्कूल से मुख्य मार्ग तक सीसी रोड (कंक्रीट सड़क) निर्माण के लिए 4.50 लाख रूपए की स्वीकृत प्रदान की है।

### बरसात में कीचड़ और गड्ढों से जूझते थे स्कूली बच्चे

ग्राम दपका स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और ग्राम मुड़भादुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला से मुख्य मार्ग तक सड़क कच्ची होने के कारण ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता था। जिससे स्कूली बच्चों को साइकिल छोड़कर पैदल कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता था। रात के समय ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री लाने-ले जाने और दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी होती थी।



**डीएमएफ मद से 4.50 लाख स्वीकृत, स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को कीचड़ और गड्ढों से मिलेगी मुक्ति**

### ग्रामीणों की मांग पर मिली वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या से जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह को अवगत कराया था। जिसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से रखा। प्रशासन ने स्वीकृति जारी करते हुए कहा कि ग्राम दपका में सीसी रोड निर्माण के लिए 3.00 लाख, ग्राम मुड़भादुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 1.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह ने ग्रामवासियों, छात्र-छात्राओं एवं शाला स्टाफ की ओर से जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर दपका और मुड़भादुर के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। समस्त ग्रामवासियों ने जनसुविधा के इस कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य के प्रति सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# केंद्र कह रहा है ऑप्शनल, छत्तीसगढ़ में किस कानून के आधार पर किया जा रहा 'अनिवार्य'? - अनीस खान



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने कहा कि 2 अप्रैल को लोकसभा में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट कहा था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर सभी उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य नहीं, बल्कि वैकल्पिक व्यवस्था है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में अनेक उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर अनिवार्य बताए जाने का आधार क्या है? सरकार जनता के सामने स्पष्ट कानून और आदेश प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़, दोनों जगह भाजपा की सरकार है। जब केंद्र सरकार संसद में स्मार्ट मीटर को 'ऑप्शनल' बता रही है, तो छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना इसे अनिवार्य रूप से किस आधार पर लगाया जा रहा है?

अनीस खान ने बताया कि उन्होंने स्वयं राजनांदगांव के संबंधित कार्यपालन अभियंता से स्मार्ट मीटर लगाने संबंधी वैधानिक आदेश मांगा, लेकिन विभाग कोई स्पष्ट आदेश प्रस्तुत नहीं कर सका और केवल भारत के राजपत्र का हवाला दिया। राजपत्र में भी कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि प्रत्येक बिजली उपभोक्ता कानूनी रूप से स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 47(5) का अवलोकन करने पर यह प्रावधान प्री-पेमेंट मीटर एवं सुरक्षा जमा से संबंधित प्रतीत होता है। इस धारा में प्रत्येक उपभोक्ता के लिए स्मार्ट मीटर को अनिवार्य घोषित करने का कोई स्पष्ट प्रावधान परिलक्षित नहीं होता। यदि छत्तीसगढ़ सरकार, बिजली विभाग अथवा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने किसी संशोधन, अधिसूचना, विनियम, शासनादेश या अन्य वैधानिक प्रावधान के माध्यम से स्मार्ट मीटर को प्रत्येक उपभोक्ता के लिए अनिवार्य किया है, तो उसकी प्रति, आदेश संख्या और दिनांक तत्काल सार्वजनिक किए जाएँ, ताकि जनता वास्तविक कानूनी स्थिति से अवगत हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अनेक उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल पहले की तुलना में दो से तीन गुना तक बढ़ने की शिकायतें की जा रही हैं।

**स्मार्ट मीटर या स्मार्ट वसूली ? बढ़े हुए बिजली बिलों से त्रस्त आम जनता**

वहीं निजी एजेंसियों द्वारा बिना स्पष्ट लिखित आदेश दिखाए स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाए जाने की शिकायतें भी मिल रही हैं। यदि पूरी प्रक्रिया वैधानिक है, तो संबंधित आदेश सार्वजनिक किए जाएँ। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री के जिले कबीरधाम में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान होकर विरोध स्वरूप अपने घरों से स्मार्ट मीटर निकालकर विद्युत विभाग कार्यालय के सामने फेंक दिए। यह घटना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से चर्चित हुई। यदि स्मार्ट मीटर व्यवस्था वास्तव में जनता के हित में है, तो सरकार के गृह मंत्री के जिले में ही इतना बड़ा जनविरोध क्यों देखने को मिला?

उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश के जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उनमें से अनेक बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत कर रहे हैं और आम जनता में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। यदि प्रत्येक उपभोक्ता के लिए स्मार्ट मीटर अनिवार्य होने का कोई स्पष्ट वैधानिक प्रावधान नहीं है तो सरकार जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाए और इसे स्वैच्छिक (ऑप्शनल) रखे। यदि बिजली विभाग शीघ्र ठोस निर्णय लेकर जनता की शिकायतों का समाधान नहीं करता, तो जिला कांग्रेस कमेटी आम उपभोक्ताओं के हित में लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# प्रदेश स्तरीय वृहद् हरेली महोत्सव एवं पर्यावरण नवजागरण सभा, रक्तदान शिविर 2 को

राजनांदगांव (दावा)। सदगुरु कबीर साहब स्वरूप परम पूज्य पंथश्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहब एवं परम पूज्य पंथश्री हुजूर उदितमुनिनाम साहब जी के आशीर्वाद से एसकेडीवी मिशन छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा प्रदेश स्तरीय बृहद् हरेली महोत्सव एवं एसकेडीवी मिशन पर्यावरण नवजागरण सभा का आयोजन 2 अगस्त 2026 (रविवार) को राजनांदगांव में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के प्रथम पारंपरिक पर्व हरेली के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सदगुरु कबीर साहब की वाणी एवं संदेशों के साथ पर्यावरण संरक्षण का जनजागरण किया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकगीत, लोक खेल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन एवं पर्यावरण प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है।

**लोक संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और रक्तदान अभियान का होगा संगम, रक्तवीरों का हेलमेट व प्रमाण-पत्र से होगा सम्मान**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे सदगुरु कबीर आश्रम टेड़ेसरा में वृक्षारोपण से होगी। इसके बाद प्रातः 8.30 बजे आश्रम से बाइक रैली निकाली जाएगी। प्रातः 9.30 बजे सदगुरु कबीर चौक, राजनांदगांव से स्टेट स्कूल मैदान तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक पारंपरिक लोक खेल, दोपहर 1 बजे से लोक गायन तथा शाम 4 बजे अतिथियों का आगमन एवं उद्बोधन होगा।

आयोजकों ने प्रदेशभर के श्रद्धालुओं, समाजजनों एवं आम नागरिकों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर हरेली पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

इस अवसर पर रक्तदान पंजीयन अभियान भी चलाया जाएगा। मां कर्मा रक्तवीर क्लब के संरक्षक मदन साहू (मो. 8770631408) से संपर्क कर रक्तदान के लिए पंजीयन कराया जा सकता है। आयोजन समिति ने बताया कि सभी सम्मानित रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम का संदेश ÷मेरा समाज ङ्क रक्तदाता समाज÷ रखते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान एवं पर्यावरण संरक्षण के इस जनअभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया है।

# सद्गुरु चरण धाम में गुरु पूर्णिमा पर प्रकृति संरक्षण व जीव दया का लिया गया संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित सद्गुरु चरण धाम में विश्व जागृति मिशन (राजनांदगांव मंडल) द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने परम पूज्य सद्गुरुदेव सुधांशु महाराज के श्रीचरणों में नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मिशन के सदस्यों व उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रकृति संरक्षण एवं जीव दया का संकल्प लिया।



**विश्व जागृति मिशन ने पूज्य सुधांशु महाराज का किया नमन, जीवनदीप समिति के सदस्य गुरमुख दास वाधवा का हुआ सेवा सम्मान**

### सेवाभावी गुरमुख दास वाधवा का सम्मान

समारोह में समाजसेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जीवनदीप समिति के सदस्य गुरमुख दास वाधवा का विशेष सेवा सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय चेतवानी ने उन्हें शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर उनकी निरंतर जनसेवा की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सद्गुरुदेव की भव्य व दिव्य महाआरती के साथ हुआ, जिसके पश्चात उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रहकर पर्यावरण संवर्धन और मूक जीवों की रक्षा के लिए संकल्पित होने का संदेश देता है। कार्यक्रम में मिशन के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गुरुभक्त उपस्थित रहे।

# खपरीकला स्कूल में श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई गुरुपूर्णिमा



राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही अपने ज्ञान, अनुभव और संस्कारों से शिष्य के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा अज्ञानता का अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, प्रेरणादायक विचार, कविता पाठ और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

# दृष्टिबाधित योगेश जंघेल को मिली स्मार्ट छड़ी, जिला प्रशासन की पहल से आसान हुआ सफर



खैरागढ़ (दावा)। जिले के खैरा नवापारा निवासी 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित युवक योगेश जंघेल की समस्या का जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित समाधान किया है। दृष्टिबाधिता के कारण योगेश को दैनिक कामकाज निपटाने और आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते उन्होंने सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए योगेश को अत्याधुनिक स्मार्ट छड़ी प्रदान की गई।

अपर कलेक्टर सुमन राज ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से योगेश जंघेल को यह स्मार्ट छड़ी सौंपी। यह आधुनिक उपकरण सेंसर तकनीक की मदद से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को रास्ते में आने वाली रुकावटों और बाधाओं से आगाह करता है। जिससे सुरक्षित और सहज आवागमन संभव हो पाता है। स्मार्ट छड़ी मिलने से अब योगेश अधिक आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ अपने दैनिक कार्य निपटा सकेंगे।

### जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव – योगेश

स्मार्ट छड़ी प्राप्त होने पर योगेश जंघेल ने जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस उपकरण की मदद से मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। अब मुझे कहीं भी आने-जाने में दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और मैं स्वतंत्र रूप से आवागमन कर सकूंगा। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक कमलेश कुमार पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान पुत्र निखिल ने 98.34 प्रतिशत के साथ हासिल की 32,798 वीं ऑल इंडिया रैंक

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र भोडिया के एक साधारण किसान परिवार के होनहार छात्र नीखिल कुमार साहू ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है।

सीमित संसाधनों और अभावों के बीच पली- बढ़ी प्रतिभा ने यह साबित कर दिखाया कि यदि इरादे मजबूत हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। नीखिल ने नीट परीक्षा में 720 में से 556 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने 98.34 प्रतिशत के साथ ऑल इंडिया रैंक 32,798 हासिल की है, जबकि उनकी कैटेगरी रैंक 15,943 रही है।

नीखिल किसान पिता तामेश्वर दास साहू एवं माता श्रीमती बेना बाई साहू के सुपुत्र हैं। अपनी



**कड़ी मेहनत और माता-पिता का संबल बना आधार**

सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपनी नियमित पढ़ाई को देते हुए नीखिल ने बताया कि उन्होंने बिना किसी भटकाव के निरंतर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा। किसान माता-पिता ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद बेटे की शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं आने दी और नीखिल ने अपनी इस उपलब्धि से उनके विश्वास को सार्थक कर दिखाया।

### गांव में उत्सव सा माहौल, क्षेत्र के युवाओं के लिए बने प्रेरणा

जैसे ही नीखिल के नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन की खबर ग्राम भोडिया पहुंची, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, परिजनों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं और नीखिल को भावी डॉक्टर बनने व चिकित्सा क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा में परचम लहराने वाले नीखिल कुमार साहू की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन गई है।

# वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव की ऐतिहासिक सफलता पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत अध्यक्षा प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिला 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि ज्ञानेश्वरी यादव ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल भारत, बल्कि छत्तीसगढ़ का भी नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प एवं निरंतर प्रयास




से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने ईश्वर से ज्ञानेश्वरी यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आने वाले समय में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत को गौरवान्वित करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व है।

# आयुक्त ने ली सभी विभागीय कर्मचारियों की समीक्षा बैठक, बोले- ई-ऑफिस से ही संपादित करें सभी कार्य



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर कहा कि किसी भी शासकीय कार्यालय में लिपिको की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके द्वारा ही शासन प्रशासन के दिशा निर्देश के अलावा अन्य निर्देश व कार्यो का प्रारंभिक क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय में उपस्थित होकर सौपे गये दायित्वों को समर्पित भाव से कार्य करेगें।

**कार्यों की प्राथमिकता तय कर समय सीमा में फाइलों के निराकरण के दिए कड़े निर्देश, कहा- लिपिक शासन-प्रशासन की रीढ़**

आयुक्त ने कहा कि अपने विभाग से संबंधित कार्य प्राथमिकता तय कर करे। किसी भी पत्र या फाईल का चरणबद्ध क्रियान्वयन कर समय सीमा में निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि कार्य का तीन स्तर होता है। अति महत्वपूर्ण, महत्वपूर्ण और सामान्य। फाईलो को देखते हुए स्तर अनुसार उस कार्य को उसी क्रम में कर निराकरण करना है। उन्होंने फाईलो का उचित संधारण करने कहा, नोटशीट में लिपिक अधिकारी, विभाग का बराबर उल्लेख हो, जिससे फाईलो के निराकरण में सुविधा होगी। आयुक्त ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभागीय कार्य ई-आफिस के माध्यम से संपादित करना है। इसमें किसी प्रकार की कोताही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि चुकि नगर निगम जनता से सीधी जुडी संस्था है। जहां लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता तथा मूलभूत सुविधा के कार्य होते है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है।

# राजनांदगांव की गौशाला पिंजरापोल सेवा, समर्पण और जनसहभागिता का आदर्श केंद्र - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गौशाला पिंजरापोल राजनांदगांव में नवीन गौछाया परिसर के लोकार्पण तथा चिकित्सा परिसर एवं गौचारा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राज्य शासन की ओर से गौशाला के विकास के लिए 75 लाख रूपए की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने की। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव तथा राज्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विशेसर सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव को संस्कारधानी इसलिए कहा जाता है, जब कोई घटना हो जाती है। उस घटना से एक बड़ा निर्णय निकल कर आता है। जो गौ माता के संवर्धन और संरक्षण के लिए होता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1904 में एक मार्मिक घटना के बाद स्व. रामलाल चोपड़ा ने गौशाला स्थापना का संकल्प लिया और समाज के सहयोग से इसकी शुरूआत हुई। आज 122 वर्षों की यह यात्रा जनसेवा, गौसंवर्धन और समाज की सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है। उन्होंने कहा कि गौशाला पिंजरापोल केवल गौशाला नहीं, बल्कि एक पवित्र तीर्थस्थल है। जहां समाज की आस्था और सेवा भावना का अद्भुत संगम दिखाई देता है। उन्होंने गौशाला के विकास में भूमि, संसाधन एवं आर्थिक सहयोग देने वाले





सभी दानदाताओं का उल्लेख करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से यह गौशाला आज प्रदेश की सबसे सशक्त एवं समृद्ध गौशालाओं में शामिल है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नागरिकों से गौसेवा में नियमित सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौशाला से जुड़े और गौसंरक्षण के इस पुण्य कार्य में योगदान दें।

कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि इतनी समृद्ध परंपरा और 122 वर्षों के गौरवशाली इतिहास वाली गौशाला बहुत कम देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यहां समाज का जुड़ाव, दानदाताओं की सहभागिता तथा गौसेवा के प्रति लोगों की संवेदनशीलता अनुकरणीय है। उन्होंने गौधाम योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य शासन गौसंरक्षण एवं गौसेवा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मंत्री रामविचार नेताम ने गौशाला में संचालित चिकित्सा सुविधाओं, पशु उपचार, शल्य चिकित्सा तथा प्रस्तावित आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि गौशाला में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजे जाएं, जिन पर शासन स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री नेताम ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशाला में नियमित रूप से पशु चिकित्सकों एवं पशु चिकित्सा सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गौवंश को समय पर उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम को अध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग विशेसर सिंह पटेल, महापौर मधुसूदन यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष श्री गौशाला पिंजरापोल खूबचंद पारख ने स्वागत उद्बोधन देते हुए श्री गौशाला पिंजरापोल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में गौशाला के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए अनेक समाजसेवियों एवं दानदाताओं ने उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग की घोषणा की। अतिथियों ने गौसेवा एवं गौसंरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी सहयोगियों की सराहना करते हुए इसे समाज की साझा जिम्मेदारी बताया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्र बैंक मार्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, एमडी ठाकुर, गौशाला पिंजरापोल समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, दानदाता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

- विधानसभा अध्यक्ष ने नवीन गौछाया परिसर का लोकार्पण एवं चिकित्सा तथा गौचारा परिसर का किया भूमिपूजन
- गौशाला के विकास के लिए 75 लाख रूपए की राशि प्रदान कराने की घोषणा की

## फिल्टर प्लांट का क्लोरिन गैस टर्नर लिकेज, प्लांट संचालक एवं सप्लायर को आयुक्त ने थमाई नोटिस

**राजनांदगांव (दावा)।** मोहारा जल संयंत्रगृह के 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट का क्लोरिन गैस टर्नर लिकेज हो गई थी। जिसे प्लांट कर्मचारियो एवं फायर कर्मियो की सजकता से समय रहते काबू किया गया। गैस टर्नर लिकेज होने पर आयुक्त जी.आर. मरकाम ने सप्लायर एसोसिएट इंटरप्राईजेस राजनांदगांव एवं प्लांट संचालक एस.एम.सी. इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. ठाणे महाराष्ट्र को नोटिस जारी किया है।

गत मंगलवार को जल सयंत्रगृह मोहारा के 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट का क्लोरिन गैस टर्नर लिकेज होने पर आयुक्त ने सप्लायर को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि क्लोरिंन गैस टर्नर लिकेज होने से गैस प्लांट परिसर में फैल गया। जिसे प्लांट के कर्मचारी एवं फायर कर्मियो ने काबू किया। इस दौरान कर्मचारियो को कार्य करने में परेशानी हुई। ऐसी परिस्थिति निर्मित होने पर सप्लायार को 24 घण्टे के अंदर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा की स्थिति में जेम के नियम शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

इसी प्रकार आयुक्त ने प्लांट संचालक एसएमसी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. ठाणे महाराष्ट्र को भी नोटिस देकर कहा कि फिल्टर प्लांट के क्लोरिन गैस टर्नर का पाईप सुबह से लिकेज था। इसके बावजूद भी फिल्टर प्लांट का संचालन किया जा रहा था। जिससे क्लोरिन गैस प्लांट परिसर में फैल रहा था। जिसे निगम के अधिकारी कर्मचारी द्वारा रात्रि में आवश्यक व्यवस्था कर नगर सेना की मदद से नियंत्रित किया गया। आपके द्वारा इस प्रकार की लापरवाही के कारण प्लांट के अंदर कार्यरत कर्मचारियों एवं आसपास के नागरिकों को स्वास्थ्यगत परेशानी के साथ-साथ अपरिहार्य घटना घटित हो सकती थी। संचालक के इस कृत्य पर आयुक्त ने 24 घण्टे के अंदर जवाब प्रस्तुत करने पत्र में कहा है। अन्यथा की स्थिति में अनुबंध के नियम शर्तो के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह श्रमिक सम्मेलन में होंगे शामिल



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव प्रवास के दौरान 31 जुलाई को सुबह 11.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह एवं छग श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

## धनु यादव की हत्या और शाहरुख को घायल करने वाला 23 वर्षीय आरोपी पुलिस गिरफ्त में

डोंगरगढ़ (दावा)। आपसी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की हत्या एवं एक अन्य घायल हो गया। घटना थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र के कश्मीरी पारा डोंगरगढ़ की है। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी अभय निषाद ने लकड़ी के डंडे एवं धारदार चाकू से हमला कर घटना को अंजाम दिया। हमले में धनु यादव उर्फ धनेश की मृत्यु तथा शाहरुख खान घायल हुआ। आरोपी अभय निषाद को पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है। आरोपी अभय निषाद पिता संतोष निषाद उम्र 23 वर्ष कश्मीरी पारा डोंगरगढ़ का निवासी है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अभय निषाद को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति में बताया कि प्रार्थी शाहरुख खान पिता जहरुद्दीन खान उम्र 23 वर्ष, निवासी डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 28 जुलाई की रात्रि लगभग 9 बजे वह अपने भाई फारुख खान मित्र सुमित विश्वकर्मा उर्फ बोंगो एवं धनु यादव के साथ कश्मीरी पारा स्थित धनु यादव के घर जा रहा था। इसी दौरान कश्मीरी पारा गली में आरोपी अभय निषाद, जिसका पूर्व से धनु यादव के साथ विवाद था। हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर आया तथा गाली-गलौच करते हुए सभी को मारने के लिए दौड़ा लिया भागने के दौरान प्रार्थी शाहरुख खान गिर गया। जिस पर आरोपी ने लकड़ी के डंडे से उसके सिर पर प्राणघातक हमला किया। इसके बाद आरोपी ने अपने पास रखे धारदार लोहे के चाकू से धनु यादव उर्फ धनेश के पेट में वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर डायल-112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची, किंतु उपचार के दौरान धनु यादव की मृत्यु हो गई।



कश्मीरी पारा में पुरानी रंजिश को लेकर अभय निषाद ने लकड़ी के डंडे व धारदार चाकू से किया था हमला

## सांसद व मुख्यमंत्री के अनुशंसा के बावजूद स्कूल अब भी जर्जर

**डोंगरगांव (दावा)।** जिला मुख्यालय से लगे एवं विकासखंड डोंगरगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगलपुर का प्राथमिक शाला इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता की कहानी कह रहा है। जर्जर हो चले शाला भवन में बुधवार की रात्रि को तेज बारिश के बाद गुरूवार को शाला के अंतर पानी भर गया और बच्चे कागज के नाव चलाते दिखायी दिए। ग्रामीणों ने इस अव्यवस्था का विडियो बनाया तथा मिडिया तक अपनी बात पहुंचाई। उन्होंने पहले जर्जर स्कूल की समस्या को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाया था और लंबे अंतराल के बाद भी न तो स्कूली विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था ही की गई और न ही भवन का मरम्मत कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जंगलपुर प्राथमिक शाला का भवन 40 वर्ष पुराना है और वर्तमान में काफी जर्जर हालत में है। बरसात के समय भवन में पानी भर जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित और ठप्प रहती है। इस विषय को लेकर गांव के कुछ युवक पिछले वर्ष क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू तक अपनी बात पहुंचाई थी। जिस पर पहल करते हुए श्री साहू ने तत्कालीन कलेक्टर राजनांदगांव को 17 अक्टूबर 2025 को पत्र के माध्यम से पुराने परिसर के संधारण एवं पुर्ननिर्माण सहित नवीन भवन की स्वीकृति के लिए अवगत कराया था। वहीं सांसद संतोष पांडेय के द्वारा भी 9 अप्रैल 2026 को पत्र के माध्यम से कलेक्टर को स्कूली बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र भवन का मरम्मत और नवीन शाला भवन स्वीकृत करने कहा था। वहीं अवर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय के माध्यम से 25 जून को संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को भी पत्र लिखकर उक्त विषय का अवलोकन का कार्यवाही का विवरण पोर्टल में दर्ज करने कहा गया था। इतने समय से सांसद और मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्राचार के बावजूद क्षेत्र का प्रशासनिक अमला इतना सुस्त क्यों है? स्कूली बच्चों जैसे संवेदनशील मामलों में जिला प्रशासन की लापरवाही किसी बड़े हादसे को निमंत्रण हो सकता है।






जंगलपुर स्कूल में भरा पानी, बच्चे चला रहे हैं कागज का नाव

## जिला अधिवक्ता चुनाव में नारायण कन्नौजे 206 वोटों से विजयी

राजनांदगांव (दावा)। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद सहित 26 अन्य पदों के लिए हुए चुनाव अध्यक्ष पद के प्रत्याशी व वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण कन्नौजे के सिर पर जीत का सेहरा बंधा। श्री कन्नोजे ने अपने निकटतम प्रत्याशी आदि श्रीवास्तव को 206 मतों से पटखनी देते हुए विजयश्री हासिल की। श्री कन्नौजे की जीत का एलान होते ही उनके समर्थकों की खुशियां आसमान चूमने लगी और उन लोगों ने श्री कन्नौजे को हार-फूल पहना कर तथा रंग-गुलाल से सराबोर कर अपने कांधे में उठा लिया और नाचते झूमते हुए जमकर खुशियां मनाई। इस दौरान निवृत्तमान अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चौधरी, प्रशांत तिवारी, विष्णु साव, एचबी गाजी, हफीज खान, रुपेश दुबे, आदि सहित बड़ी संख्या में वकीलों ने नारायण कन्नौजे की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अपनी जीत को समस्त अधिवक्ता भाईयो की जीत बताते हुए श्री कन्नौजे ने कहा कि उनके चुनाव प्रचार में एक माह से लगे हुए अधिवक्ता भाईयों व उनके लिए प्रत्यक्ष व परोक्षरूप से सहयोग देने वाले वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं की जीत बताया तथा कहा कि अपने वकील साथियों व पक्षकारों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

बता दें कि जिला अधिवक्ता संघ के त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद से लेकर उपाध्यक्ष, सचिव संगठन सचिव आदि पदो पर काबिज होने के लिए चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार लोगों द्वारा व्यक्ति गत जन संपर्क कर अपना हाथ मजबूत करने के लिए निवेदन किया जा रहा था। वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण कन्नौजे भी अध्यक्ष पद को लेकर चुनाव मैदान में थे और अपने समर्थकों के साथ धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसमें जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं का साथ व समर्थन मिला जिसके तहत उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी को 206 वोटों से पराजित कर जीत का वरण किया।




समर्थकों ने अधिवक्ता कन्नौजे की जीत पर जमकर मनाई खुशियां, हार-फूल पहनाकर रंग-गुलाल से किया सराबोर

### अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए 26 प्रत्याशी मैदान में

बता दें कि तीन साल बाद हुए जिलाअधिवक्ता संघ के चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान रहे। जिसमें से वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण कन्नौजे को इस चुनाव में कुल 356 वोट वहीं आदित्य श्रीवास्तव को 146 अरुण कुमार अनोखे को 19 व यमन कुमार देवांगन को 60 वोट मिले। इसी तरह-तरह उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी नोटरी मोरध्वज साहू, राधेश्याम, अमिताभ आदि सहित महिला प्रत्याशी के नाम सामने रहे लेकिन इसमें अमिताप श्रीवास्तव 171 वोट लेकर जीत दर्ज किए। वहीं महिला उपाध्यक्ष में 296 वोट सुश्री जया श्रीवास्तव ने उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। सचिव पद के लिए अधिवक्ता संतोष रंजक ने 353 वोट लेकर बाजी मारी। इसी तरह सह-सचिव पद पर महेंद्र सिंह ठाकुर 371 वोट लेकर आगे रहे। कोषाध्यक्ष पद पर सुश्री सुषमा चौहान 366 मत लेकर आगे रही। वहीं कार्यकारिणी में गुरु शंकर नेताम, संजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र ठाकुर ने अपना कब्जा जमाया। बता दें कि बुधवार 29 जुलाई को हुए मतदान में कुल 655 में से 579 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 88.39 प्रतिशत मतदान दर्ज किया था। गुरुवार 30 जुलाई को हुए मतगणना पश्चात जो चुनाव परिणाम घोषित हुए उसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण कन्नौजे ने बंपर वोट पाकर जीत दर्ज की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com